फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 28, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 23 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## योगी सरकार का 'बंपर बजट'




### योगी सरकार ने प्रस्तुत किया 6.90 लाख करोड़ का बजट, 32.7 करोड़ की नई योजनाएं, मुख्यमंत्री बोले- उप्र के इतिहास में नए स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगा समावेशी विकास का यह बजट, यह 'नए उत्तर प्रदेश' का विकासोन्मुखी बजट ह : वित्त मंत्री, विपक्ष ने बजट को बताया दिशाहीन और निराशाजनक



**लखनऊः उत्तर प्रदेश** की योगी सरकार ने बुधवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 06 लाख, 90 हजार, 242 करोड़, 43 लाख (6,90,242.43 करोड़) का बजट विधान सभा में प्रस्तुत किया। राज्य सरकार के इस बजट में 32,721.96 करोड़ की नई योजनाएं सम्मिलित हैं। सरकार की तरफ से विधान सभा में बजट प्रस्तुत करते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि जनआकांक्षाओं के अनुरूप यह बजट नए उत्तर प्रदेश का विकासोन्मुखी बजट है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट को समग्र व समावेशी विकास वाला बताया। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में 3.40 लाख करोड़ का बजट प्रस्तुत हुआ था। पिछले 6 वर्ष में इसमें दोगुने से अधिक की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में आज प्रस्तुत हुआ नए उत्तर प्रदेश का यह बजट राज्य के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के इतिहास में नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश के गरीबों, किसानों, नौजवानों और महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग के हितों की पूर्ति करने वाला होगा। योगी ने कहा कि उनकी सरकार का हर बजट एक लक्ष्य को समर्पित रहा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017-18 में जो पहला बजट प्रस्तुत हुआ वह किसानों को समर्पित था। वहीं 2018-19 का दूसरा बजट इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं औद्योगिक विकास को और 2019-20 में तीसरा बजट महिला सशक्तीकरण को समर्पित था। इसी तरह वर्ष 2020-21 का चौथा बजट युवाशक्ति, रोजगार व इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को और 2021-22 में पांचवां बजट स्वावलंबन से सशक्तीकरण हेतु समर्पित था, जबकि 2022-23 में छठा बजट अंत्योदय से आत्मनिर्भर उप्र की संकल्पना को और अब सातवीं बार 2023-24 का बजट आत्मनिर्भर उप्र की नींव को समर्पित है।

**बजट का आकारः** योगी सरकार के 6.90 लाख करोड़ से अधिक के इस बजट की कुल प्राप्तियों में 5 लाख 70 हजार 865 करोड़ 66 लाख रुपये (5,70,865.66 करोड़ रुपये) की राजस्व प्राप्तियां तथा 01 लाख 12 हजार 427 करोड़ 08 लाख रुपये (1,12,427, 108 करोड़ रुपये) की पूंजीगत प्राप्तियां सम्मिलित हैं। राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का अंश 04 लाख 45 हजार 871 करोड़ 59 लाख रुपये (4,45,871.59 करोड़ रुपये) है। इसमें स्वयं का कर राजस्व 02 लाख 62 हजार 634 करोड़ रुपये (2,62,634 करोड़ रुपये) तथा केन्द्रीय करों में राज्य का अंश 01 लाख 83 हजार 237 करोड़ 59 लाख रुपये (1,83,237.59 करोड़ रुपये) सम्मिलित है।

**विपक्ष ने बजट को बताया दिशाहीनः** दूसरी तरफ विपक्ष ने योगी सरकार के बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश की प्रमुख विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सरकार के इस बजट दिशाहीन बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में नौजवानों को रोजगार देने का वादा नहीं किया गया है। साथ ही बजट में लघु एवं कुटीर उद्योगों को कोई खास तवज्जो नहीं दी गई है। कांग्रेस नेता व राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार का यह बजट पूरी तरह से निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि इस बजट में किसानों की कर्ज माफी का कोई जिक्र नहीं है। इसके अलावा बजट में किसानों को उनकी लागत को कम करने का और फसलों के मूल्य बढ़ाने का कोई खास उल्लेख नहीं किया गया है। वहीं, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने योगी सरकार के बजट पर ट्वीट कर कहा कि सदन में पेश बजट जनहित व जनकल्याण का कम एवं लोकसभा चुनाव व स्वार्थ को लेकर पुनः वादों का पिटारा जैसा है। उन्होंने सवाल किया है कि क्या इस अवास्तविक बजट से उप्र की जनता का हित व कल्याण तथा भारत का ग्रोथ इंजन बनने का दावा पूरा होगा ? बसपा सुप्रीमो ने कहा कि कर्ज में डूबी यूपी को भ्रमकारी नहीं, रोजगार-युक्त बजट चाहिए।

**एक्सप्रेस-वे के आसपास कॉरिडोर बनाकर देंगे रोजगार**


वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया, नोएडा में यमुना एक्सप्रेस-वे के पास ही अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी की स्थापना की जा रही। इस फिल्म सिटी से लगभग 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक निवेश आने वाला है। इससे रोजगार की बड़ी संभावना बन रही है। यूपी के आर्थिक रफ्तार को गति मिलेगी। इसके अतिरिक्त बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के साथ डिफेंस कॉरिडोर परियोजना के लिए 550 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

**अब यूपी में 60 मेडिकल कॉलेज होंगे**

प्रदेश में इस वक्त 46 जिलों में मेडिकल कॉलेज हैं। बाकी 14 मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे। इसके लिए 2500 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया है। साथ ही यूपी में एमबीबीएस की कुल सीटें बढ़कर 8528 हो गई हैं।

## ये हैं बजट के प्रमुख बिन्दु

- प्रदेश के छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्ट फोन देने के लिए 3600 करोड़ रुपये की व्यवस्था।
- वृद्धावस्था और किसान प्रदूषण के लिए 7248 करोड़
- दिव्यांग पेंशन के लिए 1120 करोड़
- कुष्ठ रोगियों की पेंशन के लिए 42 करोड़
- असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से 100 करोड़
- सभी वर्गों के बेटियों की शादी के लिए 150 करोड़
- निराश्रित विधवाओं के भरण-पोषण अनुदान योजना के तहत 4032 करोड़
- किसान पेंशन योजना के लिए 7248 करोड़
- पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के आवास के लिए 1000 करोड़
- पुलिस कमिश्नरेट के कार्यालय और अनावासीय भवनों के लिए 850 करोड़
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 320 करोड़
- आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए 250 करोड़
- प्रदेश में इस वर्ष पांच नए राज्य विश्वविद्यालय खुलेंगे, कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय बनेगा
- राज्य सड़क निधि से सड़कों के अनुरक्षण हेतु 3,000 करोड़ की व्यवस्था
- झांसी-चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए 235 करोड़
- स्वास्थ्य व्यवस्था पर 12,650 करोड़ रुपये खर्च का एलान।
- कानपुर मेट्रो रेल परियोजना हेतु 585 करोड़
- आगरा मेट्रो रेल परियोजना हेतु 465 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था का प्रस्ताव है।
- वाराणसी-गोरखपुर में मेट्रो के लिए 100 करोड़
- शहरी विस्तारीकरण योजना हेतु 3,000 करोड़
- कुंभ के लिए 2500 करोड़
- जल जीवन मिशन के लिए 21 हजार करोड़
- विधायक निधि तीन करोड़ से बढ़ाकर पांच करोड़ किया गया
- प्रदेश के हर परिवार का फेमिली आई कार्ड होगा। सभी योजनाओं को इस आई कार्ड से जोड़ा जाएगा।



## मजदूर विरोधी है मोदी सरकार : खड़गे



**नई दिल्लीः कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार मजदूर विरोधी है। इस सरकार को सिर्फ उद्योगपतियों की चिंता है। खड़गे ने बुधवार को तालकटोरा स्टेडियम में इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इनटेक) के अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2014 के बाद मजदूरों के हित में एक भी काम नहीं हुए, बल्कि मजदूर विरोधी कानून जरूर बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने मजदूरों से विरोध करने का हक भी छीन लिया है। खड़गे ने कहा कि हड़ताल करने वाले मजदूरों को एक साल की जेल और आर्थिक दंड का प्रावधान मोदी सरकार ने किया है। जबकि कांग्रेस हमेशा से ही मजदूरों के हितों के लिए सोचती रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए इनटेक की स्थापना 3 मई, 1947 को महात्मा गांधी और सरदार पटेल के आशीर्वाद से किया गया था।

### चुनाव आयोग के फैसले पर स्टे लगाने से इनकार, जारी किया नोटिस

## शिंदे गुट को शीर्ष अदालत से राहत



**नई दिल्लीः एकनाथ** शिंदे गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता देने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की गई। शीर्ष अदालत ने आयोग के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे खेमे की याचिका पर सुनवाई करने का निर्णय लेते हुए एकनाथ खेमे और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुनवाई करते हुए ठाकरे गुट को चिंचवाड़ और कस्बा पेठ उपचुनाव के लिए 'शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)' नाम और 'जलता मशाल' चुनाव चिन्ह का उपयोग करने की स्वतंत्रता दी। सुनवाई के दौरान नोटिस जारी करते हुए सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इस दौरान पीठ ने कहा कि 'चुनाव आयोग का आदेश चुनाव चिन्ह तक ही सीमित है। हम चुनाव आयोग के आदेश पर फिलहाल रोक लगाने का आदेश पारित नहीं कर सकते। हम उद्धव खेमे द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका(एसएलपी) पर विचार कर रहे हैं। हमें दोनों पक्षों की दलीलों को सुनना होगा। बिना दलील सुने रोक नहीं लगाई जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उद्धव ठाकरे गुट कानून के अन्य उपायों का पालन कर सकता है ।

## सीएम शिवराज ने 55 जवानों को दी पदोन्नति




**भोपालः** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को बालाघाट में 55 जवानों को आऊट आफ टर्न प्रमोशन देकर सम्मानित किया। पहली बार प्रदेश में एक साथ इतनी बड़ी संख्या में पदोन्नति नहीं दी गई। नक्सली मुठभेड़ में वीरता का परिचय देने वाले वाले इन 55 जवानों को सारी औपचारिकताएँ शीघ्रता से पूर्ण कर पदोन्नति दी गई है।

पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने बताया कि 30 नवंबर 2022 को बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में हाक फोर्स के जवानों ने दो इनामी नक्सलियों को मार गिराया था। इसी प्रकार 18 दिसंबर 2022 को पाथरी चौकी के अंतर्गत हराटोला के जंगल में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने एक इनामी को मार गिराया। इन दोनों मुठभेड़ में शामिल सभी 55 जवानों को आऊट आफ टर्न प्रमोशन दिया जा रहा है।

## पानी को तरस रही बौद्ध महत्व की हिरण्यवती नदी



**कुशीनगरः मई-जून की** तपन अभी दूर है। फरवरी में ही बौद्ध महत्व की हिरण्यवती नदी पानी के लिए तरस रही है। पानी के लिए लगा ट्यूबवेल भी किसी काम नहीं आ रहा है। नदी के बुद्धा घाट पर चलने वाली बोटिंग भी बन्द हो गई है। साल 2013 में तत्कालीन जिलाधिकारी रिंग्जिन सैम्फिल ने नदी जल व पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ लोगों को सुखद वातावरण के लिए पिकनिक स्पॉट उपलब्ध कराने के लिए नदी तट बुद्धा घाट योजना की नींव रखी थी। योजना में तहसील प्रशासन, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, नगरपालिका, टेम्पल एरिया मैनेजमेंट कमेटी की सहभागिता सुनिश्चित की गई।

लाइटिंग, पौधरोपण, शेड, सीढ़ियां, पार्किंग आदि बनाकर स्थल की खूबसूरती निखारी गई। घाट युवाओं व बच्चों का पसंदीदा पिकनिक स्पॉट बन गया। बाद के वर्षों में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिषेक पांडेय व पूर्ण बोरा, एसडीएम वरुण पांडेय योजना को गति देते रहे। प्रसाधन, मियावाकी उद्यान, कैफेटेरिया, राष्ट्रीय ध्वज, चिल्ड्रेन्स पार्क आदि के नए कार्य कराए गए, किंतु दस साल की अवधि में जल प्रबंधन के लिए ठोस योजना नहीं बन पाई। जिससे बुद्धा घाट के वास्तविक उद्देश्य के औचित्य पर सवाल उठ रहे हैं। नवागत एसडीएम रत्नीका श्रीवास्तव ने इसका संज्ञान लेने की बात कही है।

**नदी से जुड़ी है बौद्धों की आस्थाः-** निर्वाण पूर्व बुद्ध ने अंतिम बार हिरण्यवती नदी तट से जल ग्रहण किया था। इस नाते देशी विदेशी बौद्ध अनुयाइयों में नदी का बहुत महत्व है। सैलानी नदी जल से आचमन करते हैं।

## बीजेपी और संघ आपकी संस्कृति को कर रहे हैं नष्टः राहुल




**मेघालयः कांग्रेस के** सांसद और पूर्व कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी ने बुधवार को मेघालय की राजधानी में भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा, भाजपा और आरएसएस आपकी संस्कृति को नष्ट कर रहे हैं, लेकिन हम उन्हें आपकी संस्कृति, पहचान या इतिहास को नुकसान नहीं पहुंचाने देंगे। हमारा देश हिंसक देश नहीं है। कायर ही अपनी इच्छा दूसरों पर थोपने की कोशिश करता है। हमें इस विचारधारा से प्यार, सम्मान और अहिंसा से लड़ना है। उन्होंने कहा, भाजपा की विचारधार, खासकर राष्टीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा मेघालय की संस्कृति, कला और परंपरा और आपके धर्म पर हमला और नुकसान पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। मैं आपको यहां यह बताने आया हूं कि हम इस लड़ाई में आपके साथ खड़े हैं। हम यह बर्दाश्त नहीं करेंगे और यह कभी होने नहीं देंगे ।

# सिटी आस-पास संदेश

## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान घायल युवक की मौत

**झूंसी।** जीटी रोड चक पर मंगलवार की रात डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसे में घायल किशोर के मामा की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। घायल किशोर की मां व बड़ी मां की भी हालात गंभीर बनी हुई है। कौशांबी के पिपरी मकनपुर निवासी बबलू कुमार पीपल गांव से अपनी बहन मंजू देवी, भांजा दिव्यांश, बहन की जेठानी संजू को लेकर बाइक से सरायइनायत के कोटवा में एक रिश्तेदार के यहाँ निशान भंडारे में शामिल हो कर मंगलवार की देर रात लौट रहा था। झूंसी चक के पास जीटी रोड़ पर तेज रफ़्तार डंपर ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी बाइक डंपर के पिछले पहिए में फस कर करीब 20 मीटर तक घिसटती हुई गई। डंपर चालक गाड़ी रोक कर मौके से फरार हो गया। डंपर से कुचल कर मौके पर ही 8 वर्षीय दिव्यांश की दर्दनाक मौत हो गई हादसे में बबलू कुमार संजू मंजू को गंभीर चोटे आई थी देर रात इलाज के दौरान बबलू की भी मौत हो गई। मामा भांजे की मौत घर में कोहराम मचा हुआ है।

# 65 जोड़े एक साथ लिए सात फेरे

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह**

**दांपत्य सूत्र बंधन में बंधे जोड़ों को अतिथियों ने दिया आशीर्वाद**

अखंड भारत संदेश





**रत्योरा।** खंड विकास कार्यालय कोरांव की ओर से बुधवार को कोरांव बाजार के भागीरथी गार्डन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह समारोह में 64 जोड़े एक साथ वैदिक रीति रिवाज व मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे लिए। दांपत्य सूत्र बंधन में बंधे सभी जोड़ों को मुख्य अतिथि रहे ब्लाक प्रमुख कोरांव मुकेश कोल, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार समेत सभी अतिथियों ने वर - वधुओं के सुखमय वैवाहिक जीवन व्यतीत करने की कामनाएं की। सामूहिक विवाह आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल वर वधुओं एवं उनके माता-पिता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की सरकार गरीब बेटियों के हाथ पीले करने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन पूरे प्रदेश में करा रही है। जिसका मूल उद्देश्य है कि गरीबों को अपने जेवर जमीन गिरवी न रखना पड़े। कहा कि वर-वधू पक्ष के लोग सामूहिक विवाह के आयोजन में आने से कतई कतराएं न जो व्यवस्थाएं उनके घरों पर नहीं हो पाती हैं, वे व्यवस्थाएं सामूहिक विवाह के जरिए उन्हें मिलती हैं। सरकार की ओर से वर वधु को उपहार व नकद धनराशि दी जाती है। इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार आवास योजना हो अथवा विवाह योजना या वृद्धा विधवा दिब्यांग पेंशन सभी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजने का काम कर रही है। 65 जोड़ों में 64 जोड़े हिंदू रीति रिवाज से एक साथ रहने की कसमें खाई तो वही एक जोड़ी शादी मुस्लिम समुदाय की संपन्न हुई जहां मौलवियों के द्वारा निकाह कराया गया। सामूहिक विवाह समारोह में पुरोहितों ने विधि विधान व वैदिक रीति रिवाज के साथ सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया। सामूहिक विवाह समारोह को प्रमुख रूप से शिवाकांत पांडेय, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह पटेल, भाजपा महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी संतरा देवी निषाद समेत कई वक्ताओं ने संबोधित कर वर वधुओं को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार जताते हुए वर वधुओं को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रवाद के प्रखर कवि बबलू सिंह बहियारी ने किया। इस दौरान प्रमुख रुप से प्रधान राजू सिंह, दिलीप सोनी, एडीओ पंचायत दिनेश चंद्र पाठक, लिपिक आनंद श्रीवास्तव समेत भारी संख्या में ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# भूमि पैमाइश के नाम पर कानूनगो ने मांगा किसान से 20 हजार रुपये

अखंड भारत संदेश

**एसडीएम ने जांच के दिये आदेश, कानूनगो द्वारा भूमि पैमाइश को लेकर रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल**

**सिरसा।** मेजा तहसील क्षेत्र के एक कानूनगो द्वारा भूमि पैमाइश को लेकर रिश्वत मांगने का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। उपजिलाधिकारी ने जांच के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया है। बता दें कि मेजा सर्किल क्षेत्र में कार्यरत कानूनगो राज बहादुर पटेल द्वारा एक किसान से भूमि पैमाइश के लिए 20 हजार रुपये की मांग की जा रही है। लेकिन वीडियो में किसान को 5 हजार रुपये में पैमाइश करने की गुहार लगाते सुना जा रहा है। चोरी छिपे इसका वीडियो बनाकर किसी ने इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे महकमे में खलबली मच गई है। वायरल वीडियो में एक स्थान पर बैठे कानूनगो व पीड़ित पक्ष के लोगों में वार्ता हो रही है। रिश्वत को लेकर कहासुनी भी खूब हो रही है। पीड़ित किसान 5 हजार में पैमाइश कराने की जिद कर रहा तो दूसरी ओर कानूनगो द्वारा 20 हजार की रट लगाई जा रही है। वहीं पास में मौजूद तीसरे व्यक्ति द्वारा 10 हजार में पैमाइश करने की बात कहते सुना जा रहा है। उधर वायरल वीडियो को एक सप्ताह पुराना बताया जा रहा है। हलाकि मेजा के उपजिलाधिकारी विनोद कुमार पांडेय ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर तहसीलदार को जांच के लिए निर्देशित करते हुए कठोर कार्यवाही करने की बात कहि हैं। उपजिलाधिकारी ने कहा कि वीडियो की गहराई से जांच कराई जा रही हैं। दोष सिद्ध एवं वीडियो की पुष्टि के बाद कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# रंगदारी मामले में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर पप्पू गंजिया के घर हुई कुर्की

**25 हजार का इनाम घोषित होने के बाद से है फरार, कार्रवाई के दौरान नैनी समेंत कई थानों की फोर्स व पीएसी मौजूद**

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंजिया के निवासी हिस्ट्रीशीटर जावेद अहमद उर्फ पप्पू गंजिया के खिलाफ बुधवार को नैनी पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की इस दौरान 200 वर्ग गज क्षेत्र में बने मकान और उसमें रखा सामान पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद जावेद अहमद उर्फ पप्पू गंजिया पर कुल 42 मुकदमे दर्ज हैं तथा 16 अगस्त 2022 से इस पर 25000 का इनाम घोषित कर दिया गया था।जिसके बाद आज सत्र न्यायालय से न्यायालय की अवमानना करने एवं मुकदमों में अपनी उपस्थिति दर्ज न कराने के विरोध में कुर्की का आदेश पारित किया गया। जिसके बाद आनन-फानन में नैनी थाने की फोर्स खरकौनी में उसके घर पहुंची जहां लगभग 200 वर्ग गज में बने उसके मकान जिसकी कीमत लगभग पौने दो करोड़ रुपए है, को कुर्क कर दिया गया। कुर्की के दौरान कई थानों की फोर्स मौजूद रही।गौरतलब हो कि पप्पू गंजिया को 2022 में ही सूचीबद्ध हिस्ट्रीशीटर के रूप में घोषित कर दिया गया था, तथा उसी वक्त उसके नए यमुना पुल के पास स्थित फॉर्म हाउस को जमींदोज कर दिया गया था। कुछ ही समय पहले पुलिस ने बयासी की कार्रवाई करते हुए एक नोटिस भी चस्पा की थी। इस संबंध में एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान ने बताया कि लंबे समय से फरार हिस्ट्रीशीटर पप्पू गाजिया के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई की गई है।

### युवती के साथ दुष्कर्म, आरोपी सहित पांच पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** खेत मे शौच के लिए गयी युवती को एक युवक मुंह दबा कर जमीन पर पटख दिया और दुष्कर्म किया। परिजनों द्वारा उलहना देने पर घर में घुस कर मारा पीटा गया। पीड़िता के पिता ने आरोपी युवक सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस पीडिता को मेडिकल चेकअप के लिए भेज कर आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक 19 वर्षीय युवती रात लगभग 10 बजे खेत मे शौच के लिए गयी थी। आरोप है कि पहले से घात लगाकर कर बैठे गांव का एक युवक युवती को पकड कर मुंह दाब कर जमीन में पटख दिया और बलात्कार किया। घर आ कर युवती परिजनों को आब बीती बताई।तो परिजन जब उलहना लेकर आरोपी युवक के घर गए तो उल्टा आरोपी के परिजन पीडिता के घर में घुस कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। बुधवार को पीडीता को लेकर परिजन आए और पीडिता के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक मोनू पुत्र बद्री प्रसाद तथा उसके परिवार के राजेश कुमार, पिंटू ,मिथुन ,सोनू ,मोनू ,के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस पीडिता को लेकर मेडिकल चेकअप के लिए भेज दी है तथा आरोपी युवक और उसके परिजनों की तलाश में जुट गई है।

# रिंगरोड़ यमुनापार की जीवनरेखा : डॉ.भगवत

**एसडीएम ने किसानों की भूमि का उचित मुआवजा दिलाने का दिया आश्वासन**

अखंड भारत संदेश



**करछना।** इनर रिंगरोड से प्रभावित करछना तहसील क्षेत्र के कई गांवों के किसानों ने बुधवार को रामपुर स्थित मिशन सभागार में एसडीएम से मुलाकात की। मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय की अगुवाई में मौजूद किसानों ने कहा कि एनएचआई द्वारा निर्मित कराये जा रहे इनर रिंगरोड़ को लेकर प्रभावित किसानों को उनकी बेशकीमती जमीन का उचित मुआवजा नही दिया जा रहा है। जिससे किसान संतुष्ट नही है।उपजिलाधिकारी के सामने अपना पक्ष रखते हुए किसानों ने कहा कि 2014 के भूमि अधिग्रहण अधिनियम प्रावधान के अनुरूप मुख्य मार्केट बैल्यू के हिसाब से उनकी जमीन का आंकलन किया जाना चाहिए। इस दौरान पालपुर, चंपतपुर, बगबना, चकशाह मीर फजल अली,पूरे खगन, मसिका, घोघापुर, चक हिदायत उल्ला, रेही, महुवारी, लवायन से आये दो दर्जन किसानों ने बताया कि नोटिस की प्रक्रिया चल रही है लेकिन उनके परिवार के पालन पोषण और रोजी रोटी का सहारा कीमती जमीन का उचित मुआवजा नही दिया जा रहा है। डॉ.पांडेय ने कहा कि निश्चित रूप से यह रिंगरोड़ यमुनापार की जीवन रेखा है और इससे विकास को नई गति मिलेगी। किंतु पूर्व में उक्त जमीनों के सोशल आडिट को लेकर किसानों की कई आपत्तियां हैं।जिनपर सह्दयता और गंभीरता पूर्वक विचार करना आवश्यक है। किसानों की गुहार पर उपजिलाधिकारी डा0गणेश कन्नौजिया ने विकास को नया आयाम देने वाले रिंगरोड़ में किसानों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि आपत्तियों को गंभीरता से लिया जाएगा और किसानों की बात आगे सक्षम अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी। इस मौके पर अखिलेश मिश्रा, दिनेश सिंह, गंगानाथ ओझा, बिक्रम यादव, फुरकान अहमद, गिरजाशंकर मिश्रा, पंचराज, विनय सिंह, आलोक समेत कई किसान मौजूद रहे।



### चोरी के आरोप में तीन सगे भाईयों की जमकर हूई पिटाई, वीडियों वायरल

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के कॉटन मिल तिराहे के पास सोमवार देर रात दीपक नाम के राहगीर से मोबाइल छीनने के आरोप में भीड़ ने तीन सगे भाइयों की जमकर पिटाई कर दी। मंगलवार को उनकी पिटाई का वीडियों वायरल हो गया। वीडियों में लोग ई-रिक्से पर बैठे लोगों पर मोबाइल छीनने का आरोप लगा रहे थे। रिक्से में बैठे तीनों शराब के नशे में थे। जब उनसे लोगों ने नाम पता पूछा तो वह लोग आक्रोशित हो गए और भीड़ में मौजूद लोगों से कहासुनी कर ली। इसीबीच भीड़ में मौजूद कुछ लोगों ने तीनों की जमकर पिटाई कर दी। भीड़ का आरोप था कि इन लोगों ने दीपक नाम के राहगीर का मोबाइल छीन लिया है। मारपीट मे एक युवक जमीन में गिरकर बेहोश हो गया, जबकि दूसरे को काफी चोटे आई हैं।सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अपने साथ कोतवाली उठा लाई। तीनों को शांतिभंग में चालान कर दिया। बतादें कि इससे पूर्व उसी स्थान पर एक अधिवक्ता से 12 लाख की टप्पेबाजी व एक सिपाही से वैवाहिक समारोह में बैग काटकर 80 हजार रूपए गायब कर दिया गया था। प्रभारी जेल रोड चौकी सुमित त्रिपाठी ने बताया कि तीनों एडीए के रहने वाले राज, बृजेश व विष्णु हैं। सभी नशे में थे।

# मनरेगा में निश्चित अवधि के अंदर ही दें मजदूरों को काम : कोआर्डिनेटर





सोशल आडिट में उपस्थित मनरेगा मजदूर व कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करती आडिट की टीम

अखंड भारत संदेश

**सोशल आडिट में मजदूरों ने बताई अपनी समस्या**

**फूलपुर।** मनरेगा मजदूरों के अधिकारों को हनन नहीं होना चाहिए। मनरेगा में उन्हें काम देने के साथ ही ससमय उनकी मजदूरी का भुगतान हो सके इस बात का ख्याल रखना चाहिए। उक्त बातें बुधवार को फूलपुर विकास खण्ड के चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई गांव में मनरेगा कार्यों की सोशल आडिट करते हुए कोआर्डिनेटर संगीता पाल ने कही। मनरेगा में हुए कार्यों की पत्रावली जांचने के बाद उसका स्थलीय सत्यापन भी उनके द्वारा किया गया। मनरेगा मजदूरों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सोशल आडिट का मुख्य उद्देश्य गांव में हुए विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानना व पारदर्शिता हेतु गांवों में ग्रामीणों की सहभागिता से मनरेगा गाइडलाइन के अनुसार कार्यों का क्रियान्वयन करना है। इस दौरान उनके द्वारा नाला खुदाई,चकमार्ग के साथ ही ब्यक्तिगत लाभापरक योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। वहीं मजदूरों ने मनरेगा की मजदूरी अन्य कल कारखानों की अपेक्षा कम होने पर उसे बढ़ाने की मांग किया। मजदूरों ने न्यूनतम मजदूरी 213 मिलने पर नाराजगी जताई और कहा कि मनरेगा की मजदूरी बहुत ही कम है। जिससे जीवन यापन में समस्या होती है। गांव के ही अवधेश कुमार ने कहा कि मनरेगा में 100 दिन के काम की बाध्यता खत्म होनी चाहिए। आडिटर टीम के सदस्यों ने मौके पर जाकर मनरेगा अन्तर्गत हुए कार्यों का सत्यापन भी किया जहां टीम संतुष्ट दिखी। मौके पर ग्राम सोशल ऑडिट टीम के सदस्य लाल बहादुर, अमरजीत, मंजू, विजय बहादुर, पारसनाथ, रोजगार सेवक विजय चंद्र विश्वकर्मा, गुलाब सिंह, रामसेवक यादव, प्रेमलता, कुर्बान अली, अकबर, मिथिलेश कुमार, ज्ञानचंद, रामसिंह, सीमा, मदीना, फरीदा बेगम, रामजी यादव अजय कुमार गुप्ता, हरि ओम प्रकाश, निजामुद्दीन, अख्तरी बेगम, मदीना सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### मनाई गई कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि



**पसना।** कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट पसना में राष्ट्रमाता कस्तूरबा गांधी की पुण्य तिथि मनाई गई। महात्मा गांधी की सहचरी के रूप कस्तूरबा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन में सहभागिता निभाते हुए कारावास के दौरान ही आगाँ खां पैलेस पूना में 22 फरवरी 1944 को अंतिम सांस ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा नेता बबुआन द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को कस्तूरबा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।ट्रस्ट के विद्यालय की छात्राओं द्वारा श्रद्धांजलि स्वरूप "भारत की भव्य सती मां कस्तूरबा अमर भई" गीत एवम अन्य देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ट्रस्ट की उपप्रतिनिधि शोभा पांडेय द्वारा ट्रस्ट परिचय एवम् कस्तूरबा प्राथमिक विद्यालय की प्राचार्या सरिता द्वारा आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंचमभाई, किरन शर्मा,श्यामकली,दीपा श्रीवास्तव,श्रुति,संध्या,आरती, शिवदयाल आदि उपस्थित रहे।

### समाज सेवी डॉ गुलाम मुस्तफा ने मेडिकल स्टोर का किया उद्घाटन



**करछना।** देवरी नीबी में श्यामा देवी मेडिकल स्टोर अमित कुमार विश्वकर्मा द्वारा खोला गया जिसका उद्घाटन समाजसेवी डॉक्टर गुलाम मुस्तफा उर्फ लाल मियां ने किया जिसमें क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई लोगों ने कहा की मेडिकल स्टोर खुल जाने से यहां के लोगों को दवा लेने में बहुत आराम रहेगा इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति एकत्रित हुए जिसमें मुख्य रुप से हरिपाल प्रतीक कुमार मोहम्मद फैसल मोहम्मद सैफ अजमेरी मोहम्मद अमन आदि लोग मौजूद थे।

### धरने में आज शामिल होंगे भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष



**शंकरगढ।** सीजनल विद्युत कनेक्शन समेत तमाम समस्याओं को लेकर भाकियू के कार्यकर्ता पिछले एक सप्ताह से विद्युत उपकेंद्र शंकरगढ़ में धरने पर बैठे हैं। यूनियन के लोगों का कहना है कि क्षेत्रीय किसानों कि आज तक कोई सुध लेने नहीं आया।अब किसानों की मांग को गति देने के लिये गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष धरने में सम्मिलित होने के लिये आ रहे हैं। भाकियू के कार्यकर्ता अपनी प्रमुख मांगों जैसे किसानों को सीजनल कनेक्शन, जूही फीडर के कमजोर वोल्टेज को सुधारने के लिए एक नए उप केंद्र की स्थापना के साथ जर्जर विद्युत तारों को तत्काल बदला जाय, जैसी अनेक मांगों को लेकर 7 दिन से धरने पर बैठे हैं।किसानों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी धरना स्थल पर अब तक नहीं आया। अब धरने को धार देने के लिए भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह, पूर्वांचल अध्यक्ष शालिग्राम यादव, जिला अध्यक्ष संजय यादव सहित दर्जनों लोग 23 फरवरी को सुबह 11 बजे धरना स्थल पर आ रहे हैं। धरने की अगुवाई कर रहे तहसील अध्यक्ष गगन सिंह ने क्षेत्रीय किसानों से भारी संख्या में धरने में पहुंचकर विद्युत विभाग के सोए हुए अधिकारियों को नींद से जगाने की अपील की है।

# जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल हुआ वार्षिक खेलकूद का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**करछना।** तहसील क्षेत्र के जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल भीरपुर के प्रांगण में वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसका प्रारंभ स्कूल के निदेशक डॉ आर पी पांडे जी द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट किया गया और साथ ही में मशाल जलाकर वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन पर वूमेन वेलफेयर चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा श्रीमती कुसुम पांडे जी , विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अंकिता मिश्रा एवं विद्यालय के संरक्षक डॉ. के के शुक्ला , अभिभावकगण एवं शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना के साथ आरंभ हुआ । तत्पश्चात प्री प्राइमरी , प्राइमरी , माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक बच्चो द्वारा विभिन्न खेल खेले गए इस कार्यक्रम में प्री प्राइमरी के प्रमुख खेल खरगोश दौड़ , मेढक दौड़ , कोन रेस थे। प्राइमरी के बच्चों के प्रमुख खेल बलून रेस , लेमन रेस , सुई धागा रेस आदि खेलों का आयोजन किया गया । माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक छात्र - छात्राओं द्वारा अपने विभाग को विजयी बनाने के लिए अथक परिश्रम किया गया । इस स्तर पर कबड्डी , क्रिकेट , वॉलीबाल , 100 मीटर दौड़ , 4७100 मीटर रिले रेस आदि खेलों का आयोजन किया गया। कबड्डी में लाल विभाग की छात्र - छात्रा दोनो टीम ने फाइनल में नीला विभाग को हराकर विजयी हुई। वॉलीबाल में हरा विभाग ने पीला विभाग को फाइनल में हराकर विजयी हुई । इस कार्यक्रम में अभिभावकों का संगीत कुर्सी दौड़ भी हुआ । जिसमे अभिभावकों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# भागवत कथा अमृत है, श्रवण करने से मोक्ष की प्राप्ति : हरिप्रपन्नाचार्य

अखंड भारत संदेश




**जंघई।** श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को गोपालापुर जंघई में कथा व्यास स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने अजामिल उपाख्यान, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, व हिरणकश्यप बध तथा नरसिंह अवतार के कथा का व्याख्यान किया। महाराज ने कहा कि आनंद की तल्लीनता में पाप का स्पर्श भी नहीं हो पाता भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए मन तृप्त नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हिरणकश्यप नामक दैत्य ने घोर तप किया, तप से प्रसन्न होकर ब्रह्म-ाजी प्रकट हुए व कहा कि मांगों जो मांगना है ।यह सुनकर हिरण्याक्ष ने अपनी आंखें खोली और ब्रह्माजी को अपने समक्ष खड़ा देखकर कहा-प्रभु मुझे केवल यही वर चाहिए कि मैं न दिन में मरूं, न रात को, न अंदर, न बाहर, न कोई हथियार काट सके, न आग जला सके, न ही मैं पानी में डूबकर मरूं, सदैव जीवित रहूं। उन्होंने उसे वरदान दिया। हिरणकश्यप के पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे।हिरणकश्यप भागवत विष्णु को शत्रु मानते थे उन्होंने अपने पुत्र को मारने के लिए तलवार उठाया था कि खंभा फट गया उस खंभे में से विष्णु भगवान नरसिंह का रूप धारण करके जिसका मुख शेर का व धड़ मनुष्य का था प्रगट हुए भगवान नरसिंह अत्याचारी दैत्य हिरनयाक्ष को पकड़ कर उदर चीर कर वध किया। कथा के पश्चात आरती प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें मुख्य यजमान इंद्रावती देवी उदयराज मिश्र, सावित्री अभयराज मिश्र, शकुंतला खेमराज मिश्र, सीता देवी श्याम राज मिश्र, सुशीला देवी अवध राज मिश्र, शमला देवी प्रेमराज मिश्र, सविता धर्मराज मिश्र एवं कार्यक्रम संचालकों में अनुज महाराज, गंगाधर पांडेय, कल्लू पंडित, कुल गुरू अखिलेश त्रिपाठी, कुल पुरोहित जगदंबा प्रसाद शुक्ल, दुर्गा प्रसाद शुक्ल, उदयराज मिश्र, बाबा मिश्रा, देवेंद्र दुबे, परिजनों में धर्मेंद्र, जितेंद्र, मनोज, संजय, अरविंद, राजू, दीपक, आशीष, दिलीप, अतुल, संदीप, कुलदीप, मयंक, मंथन, यश, हर्ष, दिव्यांश, युग, बिवान, आरव, मानसी, मान्या, सौम्या, पीहू, श्रीनिधि, कामना, सुनिधि, बैदेही आदि लोग मौजूद रहे।

## भगवान की कृपा से हुआ करता है मंगलः अनिल त्रिपाठी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नया का पुरवा के समीप पडरी गांव में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारम्भ पर बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। कथा सुनाते आचार्य अनिल त्रिपाठी ने कहा कि भगवान की कथा का श्रवण मात्र कलयुग का का सबसे बड़ा पुण्य लाभ है। उन्होंने कहा कि भक्ति की निःश्छलता ही भगवान को प्रिय हुआ करती है। उन्होंने भगवान जगन्नाथ जी की महिमा का बखान करते हुए कहा कि प्रभु की कृपा मिलने पर जगत में मनुष्य के सारे कार्य स्वयं मंगलमय हो जाया करते है। कथा का संयोजन आचार्य श्रीराम पाण्डेय ने किया। इस मौके पर सुनील कुमार, संतोष पाण्डेय, राहुल पाण्डेय, उमापति, इन्द्रदेव, आत्माराम, अशोक पाण्डेय आदि रहे।

# यूपी बजट जनता के लिये धोखाः प्रमोद

### सरकार का बजट असफलः मोना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उप्र कांग्रेस विधान मण्डल दल के नेता एवं जिले की रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्रा मोना ने योगी सरकार के वर्ष-2023-2024 के बजट को दिशाहीन एवं निराशाजनक एवं नकारात्मक बजट करार दिया है।

उन्होंने कहा कि यह असफल सरकार का असफल बजट है। वहीं कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने योगी सरकार के बजट को भ्रमक तथा यूपी की जनता के



प्रमोद तिवारी। आराधना मिश्रा मोना।

राहत की आस पर छलावा और धोखा कहा है। कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि योगी सरकार के बजट में किसानों और महिलाओं के लिए बेरोजगारों के लिए भी कोई ठोस उपाय नहीं किये गये हैं। उन्होंने कहा कि बजट में सबसे ज्यादा अफसोस जनक यह है कि महिला सशक्तीकरण के लिए बजट में कोई खास प्राविधान नहीं किया गया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने यूपी सरकार को बजट के निशाने पर रखते हुए कहा कि यदि निजी कम्पनी या पाइवेट कंम्पनियां पावर प्लान्ट स्थापित करेंगे तो उपभोक्ताओं को बिजली और भी अधिक महंगी मिलेगी। श्री तिवारी ने बजट की कमजोरी पर वार करते हुए कड़े अंदाज में कहा है कि यह बजट भयंकर महंगाई से जूझ रही प्रदेश की जनता को महंगाई से राहत दिलाने में बिना किसी प्राविधान के पूरी तरह भ्रामक बजट है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा यूपी सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया से जुड़े बयान को बुधवार को मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला के हवाले से निर्गत किया गया है।

## ब्लाक प्रमुख की मां का निधन, प्रमोद व मोना हुए दुःखी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ब्लाक प्रमुख की मां के आकस्मिक निधन पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने गहरी संवेदना प्रकट की है। वहीं शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने भी सुषमा सिंह के निधन पर संवेदना प्रकट की है। बेलहा निवासी समाजसेवी लालदेव सिंह की पत्नी सुषमा सिह (71) लालगंज ब्लाक प्रमुख इं0 अमित सिंह पंकज की मां थी। इधर गम्भीर बीमारी के चलते उनका इलाज जारी था। बुधवार को दोपहर बाद प्रमुख की मां की अचानक तबीयत बिगड़ी तो परिजन लालगंज इलाज के लिए ले आए। यहां उनका निधन हो गया। प्रमुख की मां की निधन की जानकारी होते ही प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों में शोक छा गया। सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने दुःखी परिजनों से फोनिक वार्ताकर सुषमा सिंह के निधन को पारिवारिक क्षति बताया। वहीं प्रधान प्रतिनिधि उधम सिंह, अधिवक्ता प्रदीप सिंह, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व चेयर पर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्रा, राव वीरेन्द्र सिंह, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, प्रीतेन्द्र ओझा, विकास मिश्र आदि ने भी ब्लाक प्रमुख अमित की मां के निधन पर दुःख जताया है।

## आगजनी में गृहस्थी खाक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आकस्मिक आगजनी के चलते गृहस्थी जलकर खाक हो गयी। लीलापुर थाना के हण्डौर ह्यपूरे भोलानाथह्व गांव निवासी सूर्यदीन के घर मंगलवार की रात करीब बारह बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसके चलते घर में रखा गृहस्थी का सामान खाद्यान्न तथा कपड़े व बर्तन जलकर खाक हो गए। घर के सामने मडहा में सो रहे परिजन आग की लपट देख जागे तो चीखपुकार मचाने लगे। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका।

## 25 मार्च तक आवेदन जमा करें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र के प्रशिक्षण सत्र 2023-24 में निःशुल्क एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी एक विषय सहित इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष छूट नियमानुसार (01.04.2023) होनी चाहिये। इस कार्यक्रम में सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित व तर्कशक्ति आदि विषयों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होने बताया है कि इच्छुक पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन पत्र समस्त प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित फोटो कापी एवं एक फोटो के साथ विलम्बतम दिनांक 25 मार्च 2023 तक जमा कर सकते है। वर्ग के विकलांग अभ्यर्थियों को 3 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा एवं नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जायेगी। आवेदन पत्र का प्रारूप जिला सेवायोजन कार्यालय की सूचना पट्ट पर उपलब्ध है। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 28 मार्च 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के प्रांगण में होगा।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 13 मार्च को

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत माह मार्च में 13 मार्च 2023 दिन सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन कराये जाने की तिथि निर्धारित की गयी है। उन्होने बताया है कि सामूहिक विवाह हेतु अभ्यर्थी अपने सम्बन्धित विकास खण्ड, नगर पालिका, नगर निकाय में अपना पंजीकरण करायें जिससे सामूहिक विवाह का आयोजन भव्य रूप से सम्पन्न कराया जा सके।

### पूर्व प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

**प्रतापगढ़।** जिले के बाबागंज के झींगुर गांव में पूर्व प्रधान और ग्राम विकास अधिकारियों का फजीवाड़ा सामने आया है। पिछली पंचायत के कार्यकाल में लोगों का फर्जी जाबकार्ड बनवाकर कई हजार रुपये का बंदरबांट होने का आरोप है। जाँच कमेटी ने पूर्व प्रधान, दो ग्राम विकास अधिकारी और तकनीकी सहायक को दोषी पाया है तथा कारण बताओ नोटिस के साथ ही सरकारी धन की रिकवरी होने से हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि दोषी ग्राम विकास अधिकारी पहले से ही फजीर्वाड़े के लिए चर्चित रह चुके हैं।

## बजट पर युवाओं व किसानों एवं महिलाओं की दिखी मिलीजुली प्रतिक्रियाएं

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रदेश में योगी आदित्य नाथ सरकार द्वारा पेश हुए बजट को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आम जन मानस में देखी गयी। मनीपुर गांव के किसान जर्नादन प्रसाद तिवारी, उमापुर के दयाराम वर्मा, भोजपुर के देवी प्रसाद शुक्ला का कहना है बजट में सरकार से कृषि से जुड़े उपकरणों में रियायत की उम्मीद थी जो पूरी नहीं हो सकी।

इन किसानों का कहना है कि नहरों की सफाई तथा डीजल के दामों में बैट न घटाएं जाने से भी किसानों को सिंचाई के क्षेत्र में निराशा हाथ लगी है। वहीं रामगंज बाजार के हरिश्चन्द्र अग्रहरि, उमापुर के कमलेश मिश्रा, किसान पेंशन योजना के लिए इस बार के बजट में सरकार के द्वारा धनराशि के प्राविधान को बढ़ाएं जाने को संतोषजनक कहा है।

गृहणी किरन शुक्ला, भाग्यश्री तिवारी, हुमा महमूद, डॉ0 उमारानी शर्मा ने प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के तहत करोड़ों की धनराशि आवंटन को बजट की खासियत बताया है। पूर्व प्रधानाचार्या पूर्णिमा मिश्रा, पूर्व प्राचार्य डॉ0 श्याम दुलारी सिंह ने बेटियों की शादी के लिए बजट में धनराशि की बढ़ोत्तरी की सराहना करती दिखी। युवा वर्ग के सत्यम मिश्रा, कुनाल सोनी, तपन पाण्डेय, सुमित त्रिपाठी आदि रोजगार के क्षेत्र में बजट में उद्योगों की स्थापना के लिए धनराशि न देख निराशा जतायी। गीता सिंह, संजना यादव, निशा मिश्रा, साधना गौतम आदि महिलाओं का भी बजट में महंगाई को लेकर खाद्य पदार्थों से जुड़ी वस्तुओं में दामों को नियंत्रित न करने के प्रबन्ध न होने को बजट की घोर निराशा कहा है।

व्यापार के कारोबार से जुड़े अंजनी कौशल, उदयशंकर दुबे, रमेश जायसवाल, दिनेश सिंह आदि ने भी माल भाड़े में टैक्स की कटौती के बजट में स्थान न मिलने को बाजार के लिए निराशाजनक कहा है। भाजपा नेता एवं अधिवक्ता राजेशचन्द्र तिवारी, धीरेन्द्र शुक्ला, अमरनाथ यादव का जरूर बजट को लेकर योगी सरकार के द्वारा वृद्धापेंशन, दिव्यांग पेंशन, अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण समेत कई जन कल्याणकारी योजनाओं में बजट में बड़ी धनराशि की बढ़ोत्तरी को जनता के साथ भाजपा के वायदों को मुख्यमंत्री द्वारा बजट में चार चांद लगाया जाना बताया गया।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास योजनाओं को दी गई हरी झण्डी

## विकास खण्ड सदर में हुई क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विकास खण्ड सदर परिसर में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदर प्रमुख शेषा देवी, जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्यगण एवं प्रधानगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। रवि प्रताप सिंह उर्फ गोल्डी भइया प्रतिनिधि प्रमुख ने प्रधानों का स्वागत किया तथा सदर प्रमुख को कराये गये विभिन्न विकास कार्यों से अवगत कराया।

खण्ड विकास अधिकारी सदर निषा तिवारी द्वारा विकास खण्ड में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं समाज कल्याण से



क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में बोलतीं सदर प्रमुख शेशा देवी।

सम्बन्धित पेंषन योजना, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, एनआरएलएम कार्यक्रम के अधीन संचालित स्वयं सहायता समूह एवं बाबा साहेब अम्बेडकर प्रोत्साहन योजना, मनरेगा, राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। क्षेत्र पंचायत की पूर्व बैठक की कार्यवाही एवं परिपालन की स्थिति से उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया। प्रधान संघ के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा प्रधानगणों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के आपसी सहयोग पर प्रकाष डाला गया। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न विकास योजनाओं के प्रस्ताव/कार्य योजना को सदर प्रमुख द्वारा सहमति दी गई। बैठक में प्रदीप कुमार पाण्डेय सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकीय, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता, अवर अभियंता, आरईडी, अवर अभियंता लघु सिंचाई मत्स्येन्द्र नाथ वर्मा, हरिष्चंद्र पाण्डेय, कौषलेन्द्र शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### 10 मार्च तक करें हज के लिये आनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने बताया है कि हज यात्रा-2023 हेतु हज यात्रियों की सुविधा हेतु जिला स्तर पर मदरसा दारूल उलूम गुलशने मदीना पल्टन बाजार नोडल अधिकारी मुख्तार अहमद हबीबी प्रधानाचार्य मोबाइल नम्बर 9554298786 एवं मदरसा बाजे असहब बरई कुण्डा नोडल अधिकारी शाहिद हुसैन प्रधानाचार्य मोबाइल नम्बर 9451002020 को नामित करते हुये ई-सुविधा केन्द्र/हज फैसिलीटेशन सेन्टर बनाया गया है। हज यात्रा हेतु 10 मार्च 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। हज आवेदन पत्र भरने से पूर्व आवेक हज-2023 के दिशा निदेशों को ध्यान से पढ़ लें। आवेदन की निर्धारित अन्तिम तिथि को भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की वैद्यता 03 फरवरी 2024 से कम नहीं होना चाहिये। आवेदन करते समय कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं होगा।

## संदिग्ध दशा में युवती ने आग लगाकर जान देने का किया प्रयास, रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में युवती ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना से रानीगंज कैथौला क्षेत्र से लेकर संग्रामगढ़ इलाके में हड़कम्प मच गया। गम्भीर दशा में झुलसी युवती को पुलिस की कड़ी सुरक्षा में प्रयागराज मेडिकल कॉलेज के बर्नयुनिट में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। संग्रामगढ़ थाना के पीथनपुर डगरा गांव का सोनू इधर माह भर से लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला चैकी क्षेत्र के जेवई बाजार में किराए के मकान में पत्नी व बच्चों समेत रह रहा है। सोनू का काफी दिन पहले गांव में पड़ोसी से विवाद हुआ। सूत्रों के मुताबिक संग्रामगढ़ थाने में मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने क्रास केस दर्ज किया। इधर चर्चा के मुताबिक घटना के बाद युवती का आपत्तिजनक वीडियो प्रेम प्रसंग के चलते उसके प्रेमी युवक ने कहीं वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने की जानकारी युवती के भाई को हो गई। भाई ने युवती को डांट फटकार लगाई जिससे क्षुब्ध युवती ने पहले फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। बुधवार की सुबह करीब पांच बजे सोनू की पुत्री शिवानी (18) ने छत पर पहुंचकर घर में रखी बाइक से पेट्रोल निकालकर उसे छिड़ककर आग लगा ली। युवती की चीख-पुकार सुन परिजन छत पर पहुंचे और आग पर किसी तरह काबू किया। गम्भीर रूप से झुलसी युवती को परिजन इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर लाए। इधर घटना की सूचना पाकर रानीगंज कैथौला चैकी इंजार्ज निकेत भारद्वाज अस्पताल पहुंचे और गम्भीर रूप से झुलसी युवती को इलाज के लिए रेफर होने की दशा में पुलिस सुरक्षा में प्रयागराज मेडिकल कालेज ले गए। वहां बर्न युनिट में युवती का इलाज जारी बताया जाता है। घटना को लेकर चैकी इंचार्ज निकेत का कहना है युवती का उपचार कराया जा रहा है। घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर मामले में कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### एकमुश्त समाधान योजना का लोग उठाएं लाभ

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/जिला प्रबन्धक-अनुगम ने बताया है कि उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 लखनऊ के माध्यम से ऋणों की वसूली हेतु वर्तमान नई एकमुश्त समाधान योजना लागू की गयी है। योजनान्तर्गत निर्धारित ऋण अवधि पर साधारण ब्याज के साथ साथ अवशेष धनराशि की एकमुश्त वसूली की जानी है। इस प्रकार शेष अवधि का सम्पूर्ण चक्रवृद्धि ब्याज एवं दण्ड ब्याज माफ कर दिया जायेगा। राष्ट्रीय निगमों के माध्यम से लाभान्वित व्यक्ति भी इस योजना का लाभ पाने के लिये हकदार होगें। एकमुश्त समाधान योजना प्रबन्धक निदेशक द्वारा 30 जून 2023 तक लागू की गयी है। उन्होने कहा है कि योजना से सम्बन्धित निगम के सभी ऐसे बकायेदार जिसका ऋण ओवर ड्यू हो चुका है तथा ऋण की अदायगी एक मुश्त करना चाहते है इस समयावधि में ऋण धनराशि जमा कर ब्याज की छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन प्रतापगढ़ के कार्यालय कक्ष संख्या-44 में उपस्थित अथवा सम्बान्धित विकास खण्ड में तैनात सहायक विकास अधिकारी (स0क0)/ग्राम विकास अधिकारी (स0क0) से एवं जिन लाभार्थियों का अन्तिम वसूली प्रमाण पत्र जारी है वे सम्बन्धित तहसील से सम्पर्क कर योजना की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



वृद्धाश्रम में आयोजित क्षय रोग जागरुकता कार्यक्रम में बोलते अधिकारी।

## सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान के तहत वृद्धाश्रम एवं मदरसा में की गयी स्क्रीनिंग

**अखंड भारत संदेश**

### वृद्धाश्रम एवं मदरसों में टी0बी0 रोग के लक्षण, उपचार एवं बचाव की दी गयी जानकारी

**प्रतापगढ़।** जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 वन्दना जायसवाल ने बताया है कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में 20 फरवरी से 05 मार्च 2023 तक सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान चलाया जायेगा जिसके प्रथम चरण में जिला कारागार, अनाथालय, वृद्धाश्रम, नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह, नवोदय विद्यालय एवं मदरसों में सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान के अन्तर्गत टी0बी0 के सम्भावित मरीजों की जांच एवं जन जागरुकता कार्यक्रम चलाया जायेगा।

अभियान के अन्तर्गत वृद्धाश्रम महुली में सभी 66 वृद्धजनों की स्क्रीनिंग की गयी तथा 31 वृद्ध लक्षण युक्त पाये गये जिनका बलगम का नमूना संकलित किया गया एवं मदरसा गुलशने मदीना पल्टन बाजार एवं जामिया अब्दुला इबन मसूद कादीपुर सदर में सभी छात्र एवं समस्त स्टाफ को टी0बी0 रोग के लक्षण, उपचार एवं बचाव के विषय में जागरूक किया गया। मदरसों में 156 छात्रों एवं स्टाफ की स्क्रीनिंग की गयी जिसमें कोई भी लक्षणयुक्त छात्र नहीं पाये गये। अभियान की जानकारी देते हुये जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 वन्दना जायसवाल ने बताया कि प्रथम चरण अभियान में जिले के मदरसों में एन0टी0ई0पी0 के कर्मचारी जाकर वहां पर टी0बी0 जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है और सरकार द्वारा मिलने वाली समस्त निःशुल्क सुविधाओं के विषय में भी जानकारी दी जा रही हैं। टीबी के मरीजों को निःक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत 500 रुपए प्रतिमाह उपचारित होने तक डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में स्थानान्तरित किया जायेगा।

### अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना कुण्डा उ0नि0 शनि कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र कुण्डा के ग्राम तिलौरी हसनपुर अभियुक्त पिन्टू सिंह उर्फ अभिमान सिंह पुत्र कुंवर बहादुर सिंह निवासी तिलौरी हसनपुर प्रतापगढ़ को एक किलो 190 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कुण्डा में मु0अ0सं0 57/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## घर से निकले वृद्ध का पांच दिन बाद सई नदी में मिला शव, हत्या की आशंका

### कैथौला के ककरहा घाट पर ग्रामीणों ने देखा रस्सी से बंधा शव

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार को दोपहर बाद ग्रामीणों ने एक वृद्ध का शव सई नदी में देखा।लोगो ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला।मृतक की पहचान पांच दिन पहले गायब एक वृद्ध के रूप में की गई।शव का



घटना स्थल पर जुटी भीड़ व जांच में जुटी पुलिस।

पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया गया, वहीं घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रायपुर तियाई निवासी अलगू सरोज (58) 17 फरवरी को सुबह लगभग 10 बजे घर से बाहर के लिए निकाला था। देर रात तक घर वापस नही आया,तो परिजनों ने ढूढना शुरू किया। वृद्ध का कुछ भी पता नही लग सका। बुधवार को दोपहर बाद कैथौला के ककरहा सई नदी के घाट पर ग्रामीणों ने एक शव को देखा। मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। शव रस्सी से बंधा हुआ था। घटना स्थल पर मौजूद लोगो ने शव की पहचान अलगू सरोज के रूप में की। जानकारी पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों ने पुलिस से हत्या की आशंका जताई है। उधर घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में पुलिस का कहना है की पीएम के लिए भेजा गया है।

### आठ माह पहले भी मिला था शव

लालगंज, प्रतापगढ़। कैथौला के ककरहा घाट पर 3 जून को भी एक युवक का शव मिला था, जिसके पैर व हाथ की नसें कटी हुई थी। क्या मामला है कि बदमाश ककरहा घाट को ही उपयुक्त मानते हैं। जो यहां घटनाओं को अंजाम दिया जाता है।

## होटल के कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरुक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश पर बुधवार को स्वच्छ ढाबा अभियान के तहत जय माँ बेल्हा देवी स्वीट्स के संचालक भगत तथा होटल के कर्मचारियों को जागरूक किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ राम अचल ने बताया कि होटल में साफ सफाई, किचन की साफ सफाई शौचालय की साफ सफाई बेहतर होनी चाहिए जिससे स्वच्छता का संदेश लोगो मे पंहुचे।

सफाई एवम खाद निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने लोगो को सुखा कूड़ा नीले डस्टबिन में, गीला कूड़ा हरे डस्टबिन में अलग अलग रखने और उसे डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छ भारत मिशन के डी पी एम वरुण कुमार सिंह ने बताया कि 10 तक डोर टू डोर अभियान में सभी का सहयोग चाहिए जिससे कूड़ा सुबह 10 बजे तक उठ जाए। स्वच्छ भारत मिशन के डी सी आशीष मिश्रा ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है, किसी भी स्थित में प्लास्टिक का उपयोग न किया जाय और स्वच्छता संदेश अपने रेस्टोरेंट में लगायें जिससे नगर की जनता भी जागरूक हो। इस दौरान स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्य, नगर पालिका के सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह, राजस्व निरीक्षक लालबहादुर, राजेश बिन्द और राजेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।



स्वच्छता अभियान के दौरान नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारीगण

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

## लाला गुप्ता की मौत के बाद उसके मुकदमे की पैरवी करने वाला नहीं है कोई, पीएम आवास की रकम से 20 हजार रुपए छीन लेने का लाला गुप्ता कर रहा था बिरोध

अखंड भारत संदेश



चरवा थाना

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव में एक व्यक्ति की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है मृतक के पीछे उसकी एक मां है जो दोनों आंख से सूरदास बताई जाती है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव निवासी लाला गुप्ता उम्र 35 वर्ष पुत्र स्वर्गीय अमरनाथ की गरीबी आर्थिक समस्या देखते हुए प्रशासन ने उसे प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया था उसके बैंक खाते में विभाग ने 40 हजार रुपए की पहली किस्त की रकम भेजी थी रकम निकालते ही गांव के एक असरदार व्यक्ति ने उससे 20 हजार रुपए प्रधानमंत्री आवास के कमीशन के नाम पर छीन लिया था जिसका विरोध लाला गुप्ता कर रहा था उसने कई लोगों से इस बात को बताया कि उसके प्रधानमंत्री आवास की रकम से 20 हजार रुपए की रकम उपरोक्त असरदार व्यक्ति ने छीन लिया है। चचाओं पर जाए तो मंगलवार की दोपहर उपरोक्त असरदार व्यक्ति के गुर्गे लाला गुप्ता को बुलाकर उसके पास ले गए उसके साथ जमकर मारपीट की गई उसे शराब पिलाया गया शराब पिलाने के बाद लाला गुप्ता की मौत हो गई है आशंका जताई जाती है कि शराब में उसे जहर दे दिया गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया लेकिन उपरोक्त असरदार व्यक्ति ने पोस्टमार्टम करने से रोकने का प्रयास किया काफी प्रयास के बाद लाला गुप्ता के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अब उपरोक्त व्यक्ति को पुलिस चिन्हित कर पाती है या सब कुछ उपरोक्त व्यक्ति का पहले की तरह चलता रहेगा। बताया जाता है कि उपरोक्त असरदार व्यक्ति के ऊपर पहले से कई अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और इलाके में उसका आतंक अत्याचार कायम है कुछ महीने के बीच कई मामले उसके चर्चा में आ चुके हैं लेकिन मामले रफा-दफा हो जाते हैं अब लाला गुप्ता की मौत के बाद उसके मुकदमे की पैरवी करने वाला कोई नहीं है उसकी एक माँ है जो दोनों आंख से सूरदास बताई जाती है और मृतक के दो भाई रोजी रोटी के चक्कर में गांव छोड़कर बाहर रह रहे हैं अब लाला गुप्ता को न्याय मिल पाता है या मुकदमे की पैरवी करने वालों के ना होने से उसे न्याय नहीं मिल पाता है यह भविष्य के गर्त में है।

### बोर्ड परीक्षा के दौरान हो रही विद्युत कटौती को लेकर सकिपा का हल्ला बोल

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को मंझनपुर मुख्यालय के विद्युत दफ्तर का घेराव कर प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए ऊर्जा मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अधिशाषी अभियंता विद्युत अंकित कुमार को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बोर्ड परीक्षा के दौरान की जा रही विद्युत कटौती को तत्काल बंद करने एवं रोस्टर से प्रत्येक फीडर में 20 घंटे विद्युत आपूर्ति किए जानें की मांग की गई। सोमवार को समर्थ किसान पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता प्रदर्शन, नारेबाजी और हल्लाबोल करते हुए विद्युत विभाग कार्यालय मंझनपुर पहुंचे और मौके पर मिले अधिशाषी अभियंता अंकित कुमार का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि बोर्ड परीक्षा के दौरान छात्र हित में विद्युत कटौती बंद की जाए। साथ ही जनपद के सभी फीडर में 20 घंटे रोस्टर से विद्युत आपूर्ति की जाएं। अपनी मांगों को लेकर अधिशाषी अभियंता अंकित कुमार का घेराव करते हुए उन्हें ऊर्जा मंत्री के नाम एक पांच सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बोर्ड परीक्षा के दौरान विद्युत कटौती बंद करने, जनपद के सभी फीडरों में रोस्टर से 20 घंटे विद्युत आपूर्ति करने, मीटर रीडिंग में की जा रही। अनियमितता पर अंकुश लगाने, उपभोक्ताओं को मनमाना बिल भेजने एवं उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण बंद करने सहित विद्युत उपभोक्ताओं के एक किलोवाट के बजाय दो किलोवाट एवं और अधिक जबरन लोड वृद्धि किए जानें एवं विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करने जैसी मांगे शामिल थीं। ज्ञापन स्वीकार करते हुए अधिशाषी अभियंता ने उक्त ज्ञापन को उर्जा मंत्री तक पहुंचाएं जाने की बात कही है।

# बाग की रखवाली कर वापस लौट रहे युवक को ट्रैक्टर ने रौंदा

## ईट भट्टे का बताया जाता है दुर्घटना करने वाला ट्रैक्टर

अखंड भारत संदेश


रोते बिलखते परिजन

**हर्रायपुर कौशांबी।** सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव में बाग की रखवाली कर वापस घर लौट रहे एक व्यक्ति को बुधवार की दोपहर अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने रौंद दिया है जिससे युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर राहगीर और आसपास के लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर घटनास्थल पर स्थानीय थाना पुलिस पहुंची है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। घटनाक्रम के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र मलाक मोहिद्दीन पुर गांव निवासी श्री चंद्र उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र छोटेलाल अपने अमरूद के बाग की रखवाली करते हैं वह बुधवार की दोपहर लगभग 12:00 बजे बाग की रखवाली कर वापस घर लौट रहे थे जैसे ही वह महगांव इंटर कॉलेज से लगभग 200 मीटर पूरब दिशा की ओर आगे बढ़े थे कि तेज गति अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से श्रीचंद को टक्कर मार दिया है जिससे वह सड़क पर गिर पड़े हैं और खून से लथपथ होकर तड़पने लगे देखते-देखते घटनास्थल पर श्री चंद की मौत हो गई है हादसे को देखकर के राहगीर और आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे हैं मामले की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई है सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिजनों ने तहरीर दे दी है पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया है जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# 7 से लेकर 9 अप्रैल तक किया जायेगा कौशाम्बी महोत्सव का भव्य आयोजन

- कौशाम्बी महोत्सव के तीनों दिन कुमार विश्वास द्वारा रामकथा (अपने-अपने राम विषय पर) कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा
- कौशाम्बी महोत्सव एवं सांसद खेल महोत्सव-2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक
- सांसद खेल महोत्सव का आयोजन ब्लॉक स्तर पर 25 से 31 मार्च तक तथा जनपद स्तर पर 06, 07, 08 एवं 09 अप्रैल को किया जायेगा

अखंड भारत संदेश


उपस्थित लोगों को संबोधित करते जिलाधिकारी

**कौशाम्बी।** विनोद सोनकर सांसद द्वारा उदयन सभागार में कौशाम्बी महोत्सव एवं सांसद खेल महोत्सव-2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में सांसद ने कहा कि कौशाम्बी महोत्सव का भव्य आयोजन 07, 08 एवं 09 अप्रैल 2023 को फसईया मैदान (जीआईसी के सामने) कड़ा में किया जायेंगा। कौशाम्बी महोत्सव के तीनों दिन कुमार विश्वास द्वारा रामकथा (अपने-अपने राम विषय पर) कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेंगा। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को छात्र-छात्राओं का निबन्ध प्रतियोगिता, चित्रकला व क्विज प्रतियोगिता आयोजित कराने के निर्देश दियें। विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि आशा, ऑगनबाड़ी एवं महिला अध्यापकों की मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेंगा। इसके साथ ही उन्होंने जनपद की महिलाओ को सम्मिलित कर मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित कराने के निर्देश दियें। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विजेताओं को पुरस्कार के साथ ही सभी लोगों को सहभागिता प्रमाण-पत्र दिया जायेंगा। उन्होंने कहा कि कौशाम्बी महोत्सव का थीम भी रखा जायेगा, थीम के लिए जनपदवासियों से सुझाव प्राप्त किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि कौशाम्बी महोत्सव स्मारिका का भी प्रकाशन किया जायेंगा।

उन्हांने सभी अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय से कार्य करते हुए कौशाम्बी महोत्सव को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाय सांसद ने कहा कि विगत वर्ष-2018 में आयोजित कौशाम्बी महोत्सव ने जनपद को विकास की सौगात के साथ ही एक पहचान भी दिया है। मुख्यमंत्री द्वारा कौशाम्बी महोत्सव-2018 में जनपद को एयरपोर्ट प्रयागराज से उत्खनन स्थल तक फोरलेन सड़क, मंझनपुर बस डिपो, ट्रामा सेन्टर एवं 50 बेड का आयुर्वेद अस्पताल आदि सौगातें दीं गई हैं तथा जनपद को बौद्ध सर्किट एवं रामायण सर्किट (राम वनगमन मार्ग का निर्माण कार्य) से जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी को पर्यटन की दृष्टि से देश व दुनियॉ के मानचित्र पर स्थापित किया जा रहा हैं, जिससे जनपद के युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। सासंद ने कहा कि विगत वर्ष की भॉति इस वर्ष भी सांसद खेल महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया जायेंगा। सांसद खेल महोत्सव के तहत ब्लॉक स्तर पर एथलेटिक्स (100 मी0 दौड़, 400 मी0, 800, 1500 एवं 3000 मी0 दौड़, गोला थ्रो, लॉग जम्प), खो-खो, कबड्डी, कुश्ती एवं बालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन दिनॉक 25 मार्च से 31 मार्च तक किया जायेंगा तथा जनपद स्तर पर एथलेटिक्स (100 मी0 दौड़, 400 मी0, 800, 1500 एवं 3000 मी0 दौड़, गोला थ्रो, लॉग जम्प), खो-खो, कबड्डी, कुश्ती, बॉक्सिंग एवं बॉलीबाल का आयोजन दिनॉक 06, 07, 08 एवं 09 अप्रैल 2023 को किया जायेंगा। 01 मार्च से 15 मार्च तक रजिस्ट्रेशन किया जायेंगा, जिसमें जनपद के इच्छुक खिलाड़ी पंजीकरण कर प्रतिभाग कर सकतें है। इन प्रतियोगिताओ में 15 से 21 आयु वर्ग के खिलाड़ियां द्वारा प्रतिभाग किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर विजेता खिलाड़ियां को पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र दिया जायेंगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट भी दिया जायेंगा। उन्हांने सांसद खेल प्रतियोगिता का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के भी निर्देश दियें है इस अवसर पर पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल एवं प्रेम चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा जिलाधिकारी सुजीत कुमार व मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण रहे।

### शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानो द्वारा कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 28 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बलराम पुत्र स्व0 फूलचन्द्र निवासी दलेलागंज थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 8 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बिहारीलाल पुत्र रामदेव निवासी बधुरी रसूलपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व अभियुक्त राकेश पुत्र मुन्नीलाल निवासी इन्दिरा नगर कस्बा व थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है।

# शिक्षक संकुल तथा पुस्तक 'प्रकृति के आंगन में' का विमोचन संपन्न

अखंड भारत संदेश


कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक

कौशाम्बी। कड़ा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय देवीगंज प्रथम में मंगलवार को शिक्षक संकुल तथा पुस्तक 'प्रकृति के आँगन में' का विमोचन संपन्न हुआ एनपीआरसी कड़ा की शिक्षक संकुल मीटिंग में हमारा कौशाम्बी जुलाई 2023 तक कैसे निपुण बने इस पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ। शिक्षकों ने अपने अपने विचार व्यक्त किया। गणित-किट और विज्ञान-किट के समुचित उपयोग पर एआरपी प्रभाकर मिश्र ने विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप-प्रज्वलन के साथ हुई। लेखिका श्रेया द्विवेदी और रणविजय निषाद ने अतिथियों को बैज-अलंकरण, बुके, अंगवस्त्र देकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि डाइट मंझनपुर के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ विपुल ओझा ने शिक्षा, साहित्य और शिक्षक के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज इन्हीं के कर्त्तव्यपरायणता का वाहक होता है खण्ड शिक्षाधिकारी डॉ किरण पाण्डेय ने घड़ी, घण्टा और समय-सारिणी, समय से विद्यालय खोलने तथा पठन-पाठन पर बल दिया इसी बीच शिक्षक द्वय रणविजय निषाद और श्रेया द्विवेदी की साझा संकलन प्रकृति के आँगन में का विमोचन मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि ने किया। लेखक एवं शिक्षक रणविजय निषाद तथा श्रेया द्विवेदी ने संयुक्त रूप में प्रकृति संरक्षण पर बल दिया। शादी-विवाह में भोजन का अपव्यय न हो इस पर बल दिया। रणविजय निषाद ने कहा कि 'उतना ही भोजन लें थाली में, बेकार न जाए नाली में।' लेखिका श्रेया द्विवेदी ने अपनी मौलिक रचना वर्षा ऋतु और प्रकृति का सस्वर गायन किया। कार्यक्रम के अन्त में अतिथियों को एआरपी प्रभाकर मिश्र ने स्मृतिचिह्न तथा जुबैर अहमद ने दैनंदिनी और लेखनी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रेया द्विवेदी ने किया कार्यक्रम में गौरव दुबे, गणेश पंडा, जुबैर अहमद, रामबाबू, तनवीर सबा, ऊषा, प्रमोद , सुषमा गुप्ता, प्रिया यादव , रवीन्द्र सोनकर सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले का आयोजन 24 फरवरी को

**कौशाम्बी।** जिला सेवा योजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 सिराथू/ मंझनपुर एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 24 फरवरी 2023 को वीबीएस आईटीआई, तेरहमील के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी जिला सेवा योजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर आईटीआई एवं नॉन आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की चयन की कार्यवाही की जायेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 10.30 बजे पहुँचकर प्रतिभाग कर सकतें हैं।

### चार वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानों द्वारा चार वारण्टी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त जयकरन उर्फ लंगड़ पुत्र ऊदल निवासी पाण्डेयमऊ थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा तीन वारंटी अभियुक्तों ननकू पुत्र कल्लू सम्पत्त उर्फ रविदास पुत्र पितई रैदास व अंगद पुत्र ललई उर्फ लसई सोनकर निवासीगण पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

# एक भी गोल्डेन कार्ड न बनाने वाले पंचायत सहायकों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के डीएम ने दिए निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को कैम्प लगाकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के तहत संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों के भुगतान में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने तथा आशाओं के भुगतान में शत-प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि ठीक प्रकार से कार्य न करने वाली आशाओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाय। उन्होंने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत नियमित रूप से अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की जॉच करने तथा अन्धता निवारण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिला जेल एवं वृद्धाश्रम में भी कैम्प लगाकर जॉच कराने के निर्देश दियें जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन पंचायत सहायकों द्वारा अभी तक एक भी गोल्डेन कार्ड नहीं बनाया गया है, उन सभी से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय तथा प्रत्येक पंचायत सहायक को गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के लिए मासिक लक्ष्य आवंटित किया जाय। इसके साथ ही उन्हांने आयुष्मान भारत योजना के तहत नियमानुसार और निजी अस्पतालों को चिन्हित कर सूचीबद्ध करने के निर्देश दियें। उन्होंने हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर के निर्माण कार्य में प्रगति लाने तथा रेडियोलॉजिस्ट की मॉग के लिए शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दियें। उन्होंने नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी एएनएम ड्यूलिस्ट अवश्य बनायें तथा उसके अनुरूप बच्चां का टीकाकरण करें, ताकि टीकाकरण में प्रगति सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को मन्त्रा ऐप पर फीडिंग में प्रगति लाने तथा एमपीसीडीएसआर पोर्टल पर फीडिंग कार्य में प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अलावा अन्य नगर पालिका/नगर पंचायतों में आशा की नियुक्ति नहीं की गई है, जिस पर जिलाधिकारी ने आशाओं की नियुक्ति के लिए शासन को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि कुछ ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियॉ वी0एच0एस0एन0डी0 सेशन पर वजन मशीन नहीं लेकर जाती है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि वे सुनिश्चित करें कि ऑगनबाड़ी कार्यकत्री सभी आवश्यक उपकरण सेशन पर अवश्य लेकर जायें, इस सम्बन्ध में उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि आवश्यक उपकरण लेकर सेशन पर न जाने वाली ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों की आख्या डीपीओ को प्रेषित किया जाय। बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान बताया गया कि माह जनवरी में 38 प्राथमिक विद्यालयों तथा 362 ऑगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने और स्कूलों के बच्चां का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना के तहत अब तक 52264 पंजीकृत लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है।

## न्यूज झरोखा

### सफाई कर्मी के ना आने से अलवारा गांव में लगा गंदगी का अंबार



**महेवाघाट कौशांबी।** सरसवा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलवारा में सफाई कर्मी के ना आने से पूरे गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है नालियां चोक हो गई है जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं जिससे दुर्गंध उठ रही है और बीमारी बढ़ने की आशंका जताई जाती है ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों बीत जाने के बाद भी गांव में सफाई कर्मी ने झाड़ू नहीं लगाया है। बताया जाता है कि सफाई कर्मी ग्राम प्रधान के घर हाजिरी लगाकर वापस चले जाते हैं गांव के सरकारी स्कूल पंचायत भवन समुदायिक भवन में भी गंदगी व्याप्त है कई बार ग्रामीणों ने सफाई कर्मी के काम न करने की शिकायत खंड विकास अधिकारी से की लेकिन उसके बाद गांव में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सकी है सवाल उठता है कि गांव में सफाई न करने वाले सफाई कर्मचारी को प्रत्येक महीने एडीओ पंचायत उपस्थिति दर्ज करके उसे वेतन क्यों दिलवा रहे हैं इसके पीछे एडीओ पंचायत का क्या स्वार्थ छिपा है यह बड़ी जांच का विषय है सफाई कर्मचारी के बिना ड्यूटी किए उपस्थिति दर्ज कर वेतन दिलाए जाने के मामले में एडीओ पंचायत के कारनामे की जांच हुई तो जहां एडीओ पंचायत के भ्रष्टाचार में लिप्त होने का खुलासा होना तय है वहीं सफाई कर्मचारी पर भी बड़ी कार्यवाही हो सकती है गांव के लोगों ने जिला अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सफाई कर्मचारी पर निलंबन की कार्यवाही कर दूसरे सफाई कर्मचारी की तैनात किए जाने की मांग करते हुए बिना ड्यूटी उपस्थिति भरने वाले एडीओ पंचायत के भी कारनामे पर जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

### तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम किया गया आयोजित




**टेढ़ीमोड कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के अंर्तगत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ककोडा में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थय अधिकारी जी.एस. त्यागी के द्वारा प्राथमिक विद्यालय ककोडा में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सी. एच.ओ.- जी एस त्यागी के द्वारा तंबाकू सिगरेट इत्यादि के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया और इससे संबंधित जानकारी प्रदान की गई विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार पांडेय ने सभी बच्चो को तंबाकू सिगरेट आदि चीजों का सेवन न करने की जानकारी देकर जागरूक किया साथ ही विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमे प्रथम स्थान कक्षा 7 की छात्रा शालिनी द्वितीय स्थान कक्षा 7 के छात्र रितेश कुमार एवम तृतीय स्थान कक्षा 8 की छात्रा ज्ञानमती ने प्राप्त किया जिनको प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। और इसी क्रम में सभी को शपथ दिलाया गया कि तंबाकू सिगरेट गुटखा आदि का न सेवन करना है न करने देना है।जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार पांडेय ग्राम प्रधान एवम विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं, विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं एवम ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# मंडल स्तरीय बैठक में मायावती को पीएम बनाने का लिया संकल्प


पार्टी अतिथियों का स्वागत करते कार्यकर्ता


बैठक में उपस्थित पार्टी नेता

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** बहुजन समाज पार्टी के मंडल स्तरीय कार्यकर्ता बैठक सम्मेलन में वक्ताओं ने बहुजन समाज पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया है बैठक की अध्यक्षता मुख्य जोन इंचार्ज जगन्नाथ पाल ने की कार्यक्रम के शुरूआत में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष व अन्य विशिष्ट अतिथियों को माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से स्वागत किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री मुख्य जोन इंचार्ज अशोक गौतम ने कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाते हुए बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों को बताने का आवाहन किया है उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार से गरीब कमजोर पिछड़ों महिलाओं बेरोजगारों का भला होने वाला नहीं है राजू गौतम ने कहा कि जुमलों की सरकार चल रही हैं और भाजपा द्वारा पेश किया गया बजट किसान गरीब कमजोर नौजवान महिला अति पिछड़ा विरोधी है दरवाजा से गरीब कमजोर नौजवान महिला और पिछड़ा लोगों का भला नहीं होगा बैठक में वक्ताओं ने कहा कि देश को बहन मायावती की जरूरत है और आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पार्टी मुखिया मायावती को देश का प्रधानमंत्री बनाना है बैठक में मंडल स्तरीय पार्टी की समीक्षा की गई कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष के यल गौतम ने किया इस मौके पर उपस्थित लोगों को राजू गौतम अमरेंद्र बहादुर भारती सिद्दीक हसन उर्फ अंबर भाई सतीश जाटव सुशील गौतम टीएन जैसल मुरलीधर गौतम दशरथ लाल महेश चौधरी एकलाख कुरेशी रोहित राज रमेश गौतम वीरेंद्र कुमार गौतम श्लोक गौतम कंचन लाल गौतम सुधा दीदी अरन जैसल राकेश सोनी जगतपाल चंद्रपाल भारत सरोज अतुल टीटी उषा त्यागी महेश पासी चंद्रबली चौधरी सहित तमाम लोगों ने संबोधित करते हुए बसपा की नीतियों को बताया और सरकार की जमकर आलोचना करते हुए आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में मायावती को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

# चायल चौकी से चौकी इंचार्ज की विदाई के समय क्षेत्रीय लोगों के छलके आंसू

**चायल कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया है जिसमें पिपरी कोतवाली के चायल चौकी इंचार्ज रहे अयोध्या कुमार का भी कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया जो चायल चौकी इंचार्ज से अब चरवा कोतवाली के सैयद सरावा चौकी इंचार्ज बनाए गए चायल चौकी इंचार्ज रहे अयोध्या सिंह ने चायल चौकी क्षेत्र में हमेशा शांति व्यवस्था बनाए रखे थे और आम जनमानस को कभी या नहीं समझने दिया कि वह एक एसआई के पद पर है वह लोगो से हमेशा जुड़े रहते थे चौकी क्षेत्र में आने वाले मामले पर तुरंत संज्ञान लेकर गंभीरता पूर्वक लोगों को इंसाफ दिलाने का कार्य करते थे और साथ ही अमन-चैन और कानून व्यवस्था दुरुस्त रखते थे जिनको चायल चौकी से विदाई कर कार्यक्रम हुआ जिसमे क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी लोगों में उनके प्रति इतना लगाव था कि उनके विदाई के वक्त लोगों के आंसू भी छलक गए थे।


चौकी इंचार्ज को माल्यार्पण कर स्वागत करते ग्रामीण

## संपादकीय

# कांग्रेस क्या करे तो बचे ?

**कांग्रेस** का वृहद अधिवेशन रायपुर में होने जा रहा है। इसमें कांग्रेस कमेटी के 1800 सदस्य और लगभग 15 हजार प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस अधिवेशन में 2024 के आम चुनाव की रणनीति तय होगी। इस रणनीति का पहला बिंदु यही है कि कांग्रेस और बाकी सभी विरोधी दल एक होकर भाजपा का विरोध करें, जैसा कि 1967 के आम चुनाव में डॉ. राममनोहर लोहिया की पहल पर हुआ था। उस समय सभी कांग्रेस-विरोधी दल एक हो गए थे। न तो नेताओं की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं आड़े आईं और न ही विचारधारा की बाधाएं खड़ी हुईं। इस एकता को कुछ राज्यों में सफलता जरूर मिल गई लेकिन वे सरकारें कितने दिन टिकीं। यह अनुभव 1977 में भी हुआ, जब आपातकाल के बाद मोरारजी देसाई और चरणसिंह की सरकारें बनीं। इससे भी कटु हादसा हुआ, विश्वनाथ प्रतापसिंह और चंद्रशेखर की सरकारों के दिनों में। विरोधी दलों की इस अस्वाभाविक एकता के दुष्परिणाम इतने कष्टदायी रहे हैं कि भारत की जनता क्या इस कृत्रिम एकता से 2024 में प्रभावित होकर मोदी को अपदस्थ करना चाहेगी? इसके अलावा पिछले गठबंधनों के समय आपातकाल और बोफोर्स ने जैसी भूमिका अदा की थी, वैसा कोई मुद्दा अभी तक विपक्ष के हाथ नहीं लगा है। जहां तक अडाणी के मामले का प्रश्न है, विपक्ष उसे अभी तक बोफोर्स का रूप नहीं दे पाया है। इसके अलावा आज विपक्ष के पास न तो लोहिया, न जयप्रकाश या चंद्रशेखर या वी.पी. सिंह जैसा कोई नेता है। नीतीश में वह संभावना थोड़ी-बहुत जरूर है लेकिन कांग्रेस अपने सामने किसी को भी क्यों टिकने देगी? उसके लिए तो राहुल गांधी ही सबसे बड़ा नेता है। लेकिन देश का कोई भी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय या प्रांतीय पार्टी राहुल को नेता मानने के लिए तैयार नहीं है। राहुल ने भारत-जोड़ो यात्रा के द्वारा थोड़ा-बहुत आत्म-शिक्षण जरूर किया है लेकिन कांग्रेस के कार्यकताओं के मन में भी राहुल को लेकर दुविधा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश का यह कहना बिल्कुल ठीक है कि कांग्रेस के बिना विपक्ष की एकता संभव ही नहीं है, क्योंकि आज भी देश के हर शहर और हर गांव में कांग्रेसी कार्यकर्ता सक्रिय हैं। मोदी सरकार चाहे देश में कोई क्रांतिकारी और बुनियादी परिवर्तन अभी तक नहीं कर सकी है लेकिन उसने अभी भी देश की जनता के मन पर अपना सिक्का जमा रखा है। कांग्रेस जैसी महान पार्टी का दुर्भाग्य यह है कि उसके पास न तो आज कोई सक्षम नेता है और न ही कोई आकर्षक नीति है। उसके पास ह्यगरीबी हटाओह्ण जैसा कोई फर्जी नारा तक नहीं है। कांग्रेस में अनुभवी नेताओं की कमी नहीं है लेकिन यदि कांग्रेस के असली मालिक खुद को थोड़ा पीछे हटा लें, अपने आप को मार्गदर्शक की भूमिका में डाल लें, पार्टी में आतंरिक लोकतंत्र ले आएं और अनुभवी नेताओं को पार्टी की कमान सौंप दें और वे वैकल्पिक रणनीति तैयार कर लें तो इस बार कांग्रेस खत्म होने से बच सकती है।

# भगवा से नफरत की राजनीति पर हाईकोर्ट की रोक

**मृत्युंजय दीक्षित**

**भारत में** छद्म धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने वाली जमात, सनातन धर्म में त्याग के प्रतीक भगवा रंग से भी नफरत करती है, इसीलिए वर्षों तक भगवा आतंक की झूठी कहानी गढ़ने का प्रयास हुआ और उसमें असफल रहने के बाद अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के भगवा कपड़ों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने से लेकर फिल्मी पर्दे पर अभिनेत्री को भगवा रंग की बिकनी पहना कर उसे बेशर्म रंग कहकर कुंठा निकाली जा रही है। इसी बीच भगवा से नफरत और उसके खिलाफ विकृत राजनीति पर सबसे बड़ी खबर केरल से आई है जहां वामपंथी सरकार राज्य में भगवा रंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का षड्यंत्र रच रही थी लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद व स्थानीय हिंदू संगठनो की जागरूकता के कारण इसका भांडा फूट गया। दक्षिण के राजनैतिक विष्लेषकों का अनुमान है कि जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है, राज्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रभाव क्षेत्र बढ़ रहा है तथा विश्व हिंदू परिषद व अन्य हिंदू संगठनों की सक्रियता बढ़ने के कारण केरल में घर वापसी अभियान का प्रभाव दिखने लगा है। अब लोग अपने मूल हिंदू धर्म और हिंदुत्व के प्रति फिर से आकर्षित हो रहे हैं । वामपंथ के प्रति झुकाव तेजी से कम हो रहा है और अब कम लोग वामपंथ में शामिल हो रहे हैं जिसके कारण वामपंथियों के मन में अपने अस्तित्व के लिए भय व्याप्त हो रहा है। विगत विधानसभा चुनावों में केरल में भले ही भाजपा का खाता न खुला हो लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैलियों में भीड़ आ रही थी अब वह लोकप्रियता और बढ़ गई है। स्वाभाविक है वामपंथी घबराहट में आ गये हैं और यही कारण है कि अब वे हिंदुत्व के प्रतीकात्मक रंग भगवा रंग विरुद्ध भी षड्यंत्र कर रहे हैं। विष्लेषकों का अनुमान है कि केरल का वामपंथ भगवा के खिलाफ जितनी नफरत फैलायेगा केरल में भगवा की लोकप्रियता उतनी ही बढ़ती जाएगी और अगले 5 से 10 साल मे वहां पर भाजपा सत्ता में होगी। असली विवाद - केरल के तिरुअनंतपुरम में मेजर वेल्लयानी भद्रकाली देवी मंदिर और पुलिस प्रशासन के बीच एक बड़ा विवाद हो गया था, जिसका कारण था वामपंथी प्रशासन द्वारा मंदिर प्रबंधन को यह निर्देश जारी किया जाना कि स्थानीय कालीयूट्टू पर्व के समय मंदिर में भगवा रंग से सजावट करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

# नहर व पेंशन को चुनावी मुद्दा बना रहे हैं गहलोत

**रमेश सर्राफ धमोरा**



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राजनीति का जादूगर कहा जाता है। राजनीति में उन्होंने अपनी जादूगरी दिखाने में कोई कसर भी नहीं छोड़ी है। कैसी भी स्थिति रही हो गहलोत अपनी राजनीतिक जादूगरी की कुशलता के बल पर सफल रहे हैं। इसी कारण वह राजस्थान के तीसरी बार मुख्यमंत्री की पारी पूरी करने जा रहे हैं। गत दिनो उन्होने अपने कार्यकाल का अंतिम बजट पेश किया जिसमें अनेकों लोक लुभावनी घोषणायें की गई है। जिनसे आने वाले चुनाव में लाभ मिल सकता है।

इसी साल के अंत तक राजस्थान में विधानसभा के चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चाहते हैं कि वह चौथी बार मुख्यमंत्री बन कर राजस्थान में नया रिकॉर्ड बनायें। गहलोत का इस बार पूरा प्रयास है कि 1990 से प्रदेश में हर बार सरकार बदलने की चल रही परिपाटी को भी बदला जाए। इसके लिए गहलोत ने अभी से युद्ध स्तर पर अपनी तैयारियां प्रारंभ कर दी है।

बजट में प्रदेश के आमजन के लिए कई लोक-लुभावनी घोषणायें करने के साथ ही गहलोत राजनीतिक स्तर पर भी अगला विधानसभा चुनाव जीतने की व्यूह रचना में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री गहलोत राजस्थान के सभी सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा कर जहां भाजपा को धर्म संकट में डाल दिया है। वहीं पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के मुद्दे पर भी भाजपा को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में पेयजल व सिंचाई के लिए पूर्वी नहर परियोजना एक वरदान साबित हो सकती है। इन 13 जिलों के करीबन साढ़े तीन करोड़ से अधिक लोगों को जहां पीने को मीठा पानी उपलब्ध हो सकेगा। वहीं डेढ़ से दो लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई भी होगी। जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की सरकार ने 2017-18 के बजट में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना की घोषणा की थी। इस परियोजना में राजस्थान के जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़ सहित कुल 13 जिले शामिल है। इस परियोजना के पूरा होने पर 13 जिलों में पेयजल और सिंचाई की सुविधा मिलने लगेगी।

मुख्यमंत्री गहलोत को यह बात अच्छे से पता है कि इन 13 जिलों में बढ़त मिलने पर कांग्रेस को दूसरी बार सरकार बनाने से कोई भी नहीं रोक सकता है। इन 13 जिलों में विधानसभा की 83 सीट आती है। जिनमें से अभी कांग्रेस के पास 49 और भाजपा के पास 25 सीट हैं। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव तक कांग्रेस हर हाल में इस मुद्दे को बनाए रखना चाहती है। जिससे मतदाताओं को अपने पक्ष में कर सकें। इसीलिए गहलोत इस नहर परियोजना को लेकर अग्रेसिव होकर राजनीति कर रहे हैं। उन्हें जहां भी मौका मिलता है भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर इस नहर के मुद्दे को लेकर हमला करने से नहीं चूकते हैं। पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के मतदाताओं को लुभाने के लिए ही गहलोत ने इस बार बजट में नहर के लिये 13 हजार करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया है। गहलोत ने कहा है कि यदि केंद्र सरकार इस नहर परियोजना के लिये सहायता नहीं देती है तो भी वह राज्य सरकार के संसाधनों से इसे पूरा करेंगे।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दौसा यात्रा के दौरान भी मुख्यमंत्री गहलोत ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री से इस नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की मांग की थी। गहलोत को पता है कि बार-बार इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करके अगले विधानसभा चुनाव में वह भाजपा को घेर सकते हैं। केंद्र सरकार में जल शक्ति विभाग के मंत्री भी राजस्थान के जोधपुर से सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत ही है। ऐसे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत उनसे भी बार-बार इस परियोजना के लिए केंद्रीय सहायता दिलाने की मांग करते आ रहे हैं। हालांकि मध्यप्रदेश व राजस्थान में आपसी सहमति होने पर ही केंद्र सरकार इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित कर सकती है। मगर अशोक गहलोत अच्छे से जानते हैं कि अगले विधानसभा चुनाव को देखते हुए केंद्र सरकार पर दबाव बनाने का यह सबसे सुनहरा मौका है। जिसे वह किसी भी कीमत पर गंवाना नहीं चाहते हैं।

सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने के भाजपा पूरी तरह खिलाफ है। प्रधानमंत्री बार-बार पुरानी पेंशन योजना को फिर से बहाल करने पर अपनी असहमति जता चुके हैं। इसी के चलते भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेता भी पुरानी पेंशन योजना की मुखालफत कर रहे हैं। मगर हिमाचल प्रदेश के पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की करारी हार से पार्टी के अंदर खाने इस मुद्दे को लेकर चिंता भी जाहिर की जा रही है। हिमाचल प्रदेश में अपने चुनावी घोषणा

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत के अन्य कारण भी हो सकते हैं। मगर पुरानी पेंशन योजना बहाली का वादा भी एक बड़ा कारण रहा है। इसीलिए कांग्रेस पार्टी हर जगह पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग कर रही है।

पत्र में कांग्रेस ने सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना देने का वादा किया था। हिमाचल में कांग्रेस को बहुत बड़ी जीत मिली। जिससे कांग्रेस पार्टी के नेता बहुत उत्साहित हैं।

हालांकि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत के अन्य कारण भी हो सकते हैं। मगर पुरानी पेंशन योजना बहाली का वादा भी एक बड़ा कारण रहा है। इसीलिए कांग्रेस पार्टी हर जगह पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग कर रही है। अपने बजट भाषण में भी मुख्यमंत्री गहलोत ने भाजपा के विधायकों से कहा था कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समझाएं कि वह कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन योजना फिर से लागू करें। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का अनुसरण करते हुए छत्तीसगढ़ एवं झारखंड की सरकारों ने भी अपने सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना देने की घोषणा कर दी है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पुरानी पेंशन योजना की घोषणा के बाद भाजपा विरोधी बहुत से दलों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए इसे पूरे देश में लागू करने की मांग की है। केंद्र सरकार के कर्मचारी संगठन भी लंबे समय से पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग कर रहे हैं। इसके चलते देश के सभी सरकारी कर्मचारियों का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रति सहानुभूति होना लाजमी है। गहलोत को इस बात की जानकारी है कि उनके द्वारा शुरू किया गया पुरानी पेंशन योजना का मुद्दा आज राष्ट्रव्यापी मुद्दा बन चुका है। ऐसे में वह इससे भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं।

अगले विधानसभा चुनाव की पूरी कमान गहलोत के हाथों में ही रहनी है। इसीलिए उन्होंने अपनी सरकार की छवि चमकाने के लिए कई निजी प्रचार एजेंसियों से अनुबंध किया है। यह एजेंसियां अगले विधानसभा चुनाव तक गहलोत सरकार की उपलब्धियां आमजन तक पहुंचाने का काम करेगी। मुख्यमंत्री गहलोत को पता है कि 25 सितंबर को जयपुर में जो घटनाक्रम हुआ था उससे पार्टी आलाकमान उनसे नाराज है। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद भी ठुकरा दिया था। उसके बाद वह आलाकमान की गुडबुक में नहीं रहे हैं। पार्टी आलाकमान को जब भी मौका मिलेगा उनको झटका दिया जा सकता है।

ऐसे में वह पार्टी आलाकमान का फिर से विश्वास हासिल करने के लिए राजस्थान में कांग्रेस की सरकार को रिपीट करवाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लिए अगला विधानसभा चुनाव किसी युद्ध से कम नहीं है। यदि वह चुनाव जीतते हैं तो पार्टी में सबसे बड़े नेता के रूप में उभरेगें और यदि चुनाव हार जाते हैं तो यह उनकी राजनीति की आखिरी पारी होगी।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

# भारतीय भाषाओं में उपलब्ध जादुई पिटारा

**एडवोकेट किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर सदियों से भारतीय बौद्धिक क्षमता का लोहा दुनिया मानती आई है, जिसे समय-समय पर सरकारें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से शेप देती आई है परंतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी2020) में जिस तरह की दूरगामी नीतियों को सम्मिलित किया गया है,उससे दूरगामी बहुमूल्य सकारात्मक परिणाम हमें कुछ वर्षों से देखना शुरू हो जाएगा,क्योंकि इस एनसीपी को वर्तमान और भविष्य में आने वाली परिस्थितियों को हाइपोथेटिक करके बनाया गया है, जो मेरा मानना है कि हमारे विजन 2047 के मजबूत आधारों में से एक साबित हो सकता है। इस एनईपी-2020 के बल पर आने वाले वर्षोंमें कौशलता विकास में बहुत बड़ी मात्रा में हमारे नागरिक निपुण हो जाएंगे और वह नौकरी पाने वाले नहीं बल्कि देने वाले बन जाएंगे, ऐसा अनुमान लगाया जा सकता है। जिसके सटीक होने की पूरी संभावना है। चूंकि आज की स्थिति में बेरोजगारी इतनी भयंकर है, जिसका अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि एक राज्य में 15 मार्च 2023 को होने वाली परीक्षा में पटवारी सहित अन्य पदों के लिए राज्य में कर्मचारी चयन मंडल द्वारा कुल 9073 पदों को भरा जाना है, जिसमें 6755 पद पटवारी के हैं, जिसके लिए एक टीवी चैनल पर बताया गया करीब 12 लाख आवेदनों तो एक मीडिया ग्रुप के 13 फरवरी की रिपोर्ट में सभी पदों के लिए 22 लाख आवेदनों की बात कही गई है, उन आवेदनों को 23 जनवरी 2023 को बंद किया गया था जिसमें पटवारी पोस्ट के लिए आवेदन करने वाले पीएचडी एमबीए बैचलर इन टेक्नोलॉजी जैसे शिक्षित छात्रों की संख्या लाखों में है जो घंटी बजाओ कार्यक्रम में दिखाया गया है, जिसे देखकर मैं अवाक रह गया हूं!! मेरा मानना है कि इस स्थिति को शायद एनईपी नीति 2020 के माध्यमसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सटीक योजनाएं बनाई गई है, जिसके दूरगामी परिणाम हमें आगे के वर्षों में देखने को मिल सकते हैं। इसकी नींव 3 से 8 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए तैयार की गई खेल आधारित शिक्षा अध्ययन सामग्री है, जिसका शुभारंभ माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने 20 फरवरी 2023 को किया है,इसलिए आज हम पीआईबी में आई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। जादुई पिटारा जो अमृत पीढ़ी के लिए सीखने सिखाने के माहौल को समृद्ध और बाल केंद्रित बनाने एक नई शालांग है। साथियों बात अगर हम जादुई पिटारा, शिक्षा अध्ययन सामग्री की करें तो इसकी मुख्य बातें निम्नलिखित हैएनसीएफ-एफएस का प्रमुख परिवर्तनकारी पहलू, खेलते हुए सीखेंह्ल।बुनियादी चरण-उम्र 3-8 साल,खेलते हुए सर्वोत्तम और प्रभावकारी ढंग से सीखें न्यूरोसाइंस से लेकर शिक्षा तक विविध क्षेत्रों में अनुसंधान, कक्षा 1 और 2 पर भी लागू (उम्र 6-8 साल) - बड़ा बदलाव- बच्चे खेलते, मजे करते हुए सीखेंगे, और एफएलएन संभव हो पाएगा।

5 क्षेत्रों में सीखना और विकास, शारीरिक विकास, सामाजिक भावनात्मक व नैतिक विकास, संज्ञानात्मक विकास, भाषा एवं साक्षरता विकास, सुरुचिपूर्ण एवं सांस्कृतिक विकास, सीखने की सकारात्मक आदतों को इस चरण में विकास के एक अन्य क्षेत्र के रूप में शामिल किया गया है।खेलना सुनिश्चित करने के लिए,केवल किताबें ही नहीं,बल्कि सीखने और सिखाने के लिए अनगिनतसंसाधनों का उपयोग किया जाना है।खिलौने, पहेलियां कठपुतलियां।पोस्टर,फ्लैश कार्डवर्क शीट्स और आकर्षक किताबें स्थानीय परिवेश, संदर्भ और समुदाय।आम जीवन, स्थानीय संदर्भ और भारत में निहित जादुई पिटारामें ये सभीसमाहित हैं। विभिन्न संसाधनविविधता और स्थानीय संसाधनों को समायोजित करने कालचीलापनआमोद-प्रमोद इत्यादि।

साथियों बात अगर हम उद्घाटन समारोह में माननीय शिक्षा मंत्री के संबोधन की करें तो उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्लेबुक, खिलौने, पहेलियां, पोस्टर, फ्लैश कार्ड, कहानी की किताबें,वर्कशीट के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति, सामाजिक संदर्भ और भाषाओं को मिलाकर बना 'जादुई पिटारा जिज्ञासा को बढ़ाने और लोगों की विविध आवश्यकताओं को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा के तहत विकसित जादुई पिटारा 13 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है।

यह सीखने-सिखाने के माहौल को समृद्ध करने और अमृत पीढ़ी के लिए इसे और अधिक बालकेंद्रित, जीवंत और आनंदमय बनाने की दिशा में एक बड़ी छलांग है जैसा कि एनईपी 2020 में परिकल्पना की गई है। सीखने के परिदृश्य को और अधिक जीवंत बनाने के लिए आज का यह दिन एक ऐतिहासिक दिन है। पीएम के विजन के अनुरूप 3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षण-अध्?यापन सामग्री जादुई पिटारा आज लॉन्च की गई है।

एनईपी - 2020 में 5+3+3+4 पाठ्यक्रम शैक्षणिक संरचना की परिकल्पना की गई है। शिक्षा मंत्रालय के तहत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने प्रत्येक चरण के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा विकसित करने के लिए प्रो. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय संचालन समिति का गठन किया है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा बुनियादी चरण (एफएस) के लिए 20 अक्टूबर, 2022 को एनसीएफ की शुरूआत की गई थी और पाठ्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, एनसीईआरटी ने अध्?ययन शिक्षण सामग्री (एसटीएम) विकसित और एकत्र की है। तदनुसार, बुनियादी चरण के लिए अध्?ययन-शिक्षण सामग्री की जादुई पिटारा की अवधारणा का उपयोग करते हुए आज शुभारंभ किया गया। शिक्षकों व छात्रों के एनईपी और एनसीएफ - एफएस को व्यवहार में लाने की उम्मीद है। उन्होंने एक राष्ट्रीय विचार मंच (थिंक-टैंक) के रूप में एनसीईआरटी से आग्रह किया कि सभी भारतीय भाषाओं में 'जादुई पिटारा' में सम्मिलित सामग्री का अनुवाद करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना चाहिए और इसकी पहुंच का विस्तार करने के साथ-साथ इसे सभी एससीईआरटी को बचपन में देखभाल और हमारे देश के शिक्षा परिदृश्य में बदलाव के लिए उपलब्ध कराना चाहिए। इन संसाधनों को डिजिटल रूप से दीक्षा प्लेटफॉर्म-पोर्टल और मोबाइल ऐप पर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी बुनियादी शिक्षण सामग्री मातृभाषा में होनी चाहिए।एनसीईआरटी ने प्रशिक्षकों की हैंडबुक मैपिंग से लेकर फाउंडेशनल स्टेज पर शिक्षकों के भविष्य के प्रशिक्षण के लिए एनसीएफ-एफएस के लक्ष्यों के लिए पंच कोषीय विकास और पाठ्यक्रम विकसित किया है।अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि जादुई पिटारा,अमृत पीढ़ी के लिए सीखने सिखाने के माहौल को समृद्ध और बाल केंद्रित बनाने एक नई छलांग है।स्थानीय संस्कृति, सामाजिक संदर्भ, रेगुलर शिक्षा से 13 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध जादुई पिटारा मील का पत्थर साबित होगा।

# देश की राजनीति का रूख 2024 की ओर मुड़ा

**राजेश**

**देश की** राजनीति का रूख 2024 की ओर मुड़ चुका है। राष्ट्रीय स्तर और प्रदेश स्तर के राजनीतिक दल 2024 की तैयारियों, दांव-पेंच और तिकड़मों में व्यस्त हो गए हैं। जिन राज्यो में इस वर्ष चुनाव होने हैं वहां का माहौल कुछ ज्यादा ही गमार्या हुआ है। विपक्ष इस बार 2024 का चुनाव फतेह करने का अवसर गंवाना नहीं चाहता। लेकिन विपक्ष की जीत के बीच में एकता की एक बड़ी बाधा खड़ी है, जो उसे दिल्ली की सत्ता तक पहुंचने नहीं दे रही है। विपक्ष ने 2014 और 2019 के आम चुनाव में एकता के प्रयास किये थे, लेकिन उसका अंजाम सर्वविदित है। असल में विपक्ष मोदी सरकार को केंद्र की सत्ता से हटाना तो चाहता है लेकिन चाहकर भी उसमें एकता स्थापित नहीं हो पाती, और उसके मंसूबे धरे के धरे रह जाते हैं। इस बार भी नये सिरे से कोशिशें शुरू हुई हैं। अब यह देखना अहम होगा कि 2024 में विपक्ष मोदी को किस प्रकार चुनौती देता है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में जीत के बाद टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने विपक्ष की धुरी बनने का प्रयास किया था। उन्होंने स्वयं को विपक्ष का मुख्य चेहरा साबित करने के लिए कोलकाता से लेकिन दाल गलती न देख वो दिल्ली से दूरी बनाये हुए हैं। महाराष्ट्र से शरद पवार ने भी विपक्ष का मुख्य चेहरा बनने की कोशिश की। महाराष्ट्र में महाअघाड़ी गठबंधन बनाने के बाद से उन्हें ऐसा लग रहा था कि महाराष्ट्र में एनसीपी-कांग्रेस और शिव सेना का सफल गठबंधन देश की राजनीति को एक नयी दिशा दिखाएगा। चूंकि इस गठबंधन के सूत्रधार और कर्ताधर्ता वहीं हैं, ऐसे में विपक्ष में उनके नाम पर सहमति बनने में अधिक दिक्कत पेश नहीं आएगी। उद्धव ठाकरे की सरकार गिरने के बाद से महाअघाड़ी कितने दिन तक मंच पर रहेगा ये गंभीर प्रश्न है। ऐसे में विपक्ष का चेहरा बनने के शरद पवार के प्रयासों पर भी पानी फिरता नजर आ रहा है। बीजेपी के खिलाफ विपक्षी दलों में पिछले कुछ वक्त से लगातार एकजुट होने की बात की जा रही है. ऊपरी तौर पर सभी दल इसे स्वीकार कर रहे हैं लेकिन अंदर की सच्चाई कुछ और ही सामने आ रही है। हाल ही में नीतीश कुमार ने कांग्रेस के सामने विपक्षी एकता का पत्ता चला है। लेकिन, इस पर कांग्रेस ने नीतीश के बयान का स्वागत भी किया और कई सवाल भी खड़े कर दिए। इससे स्पष्ट हो गया है कि विपक्षी एकता फिलहाल एक अवधारणा के तौर पर ही काम कर रही है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकजुटता के लिए कांग्रेस की पहल का आग्रह किया है। उनका दावा है कि यदि 2024 में भाजपा बनाम विपक्ष का साझा उम्मीदवार के आधार पर चुनाव लड़ा जाता है, तो भाजपा 100 सीटों तक सिमट सकती है। नीतीश के अतिउत्साह में कहे गये इस आंकड़े का गणित और राजनीति के लिहाज से क्या आधार है लेकिन कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष यह जानता है कि कोई गलतफहमी पालना ठीक नहीं है। बहरहाल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने नीतीश के आग्रह और अपील का स्वागत किया है, लेकिन बिना नाम लिए यह तंज भी कसा है कि कुछ लोग विपक्ष की बैठकों में भाग लेते हैं, विपक्षी एकता के सरोकार भी लगातार जताते रहे हैं, लेकिन वे सत्ता-पक्ष की गोद में भी बैठते रहे हैं। असल में कांग्रेस नीतीश के रवैये को लेकर भी खुश नहीं है। श्रीनगर में बुलावे पर नहीं आना जबकि केसीआर के बुलावे पर अखिलेश, केजरीवाल का साथ रैली करना और नीतीश का उनसे मिलना भी कांग्रेस को नागवार गुजरा है। मायावती का रुख भी कांग्रेस गठबंधन के लिहाज से सही नहीं मानती है।

इसीलिए कांग्रेस के सूत्र कहते हैं कि, इस तरह राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता सम्भव नहीं है। कांग्रेस हमेशा भाजपा का वैचारिक विरोध करती रही है। विपक्षी गठबंधन पर कांग्रेस अपने रायपुर राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान विमर्श करेगी और फिर कोई रणनीति तय करेगी। जयराम रमेश ने नीतीश ही नहीं, सभी विपक्षी दलों को यह जरूर स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस के बिना कोई भी विपक्षी एकता सफल नहीं हो सकती, लिहाजा विपक्ष को कांग्रेस की छतरी तले ही एकजुट होना है। ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या राहुल गांधी विपक्ष का चेहरा बन पाएंगे? सवाल यह भी है कि क्या विपक्ष राहुल गांधी को अपने नेता मानकर उनका नेतृत्व स्वीकार कर पाएगा? भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस कितना मजबूत हुई ये तो आने वाला समय ही बताएगा।

## मातृभाषा पर गर्व करें

**मातृभाषा** का अर्थ है मातृ की भाषा अर्थात वह भाषा जो बालक अपनी माता से सीखता है। बाल्यकाल से ही मातृभाषा में बोलने और सुनने के कारण व्यक्ति अपनी भाषा में निपुण हो जाता है। मातृभाषा किसी भी व्यक्ति की पहचान होती है। मातृभाषा का जीवन में अत्यंत महत्व होता है। कोई भी व्यक्ति अपनी मातृभाषा में अपने विचारों को सरलता से व्यक्त करने में सक्षम होता है, क्योंकि व्यक्तिसदैव अपनी मातृभाषा में ही विचार करता है। इसलिए उसे अपनी मातृभाषा में कोई भी विषय समझने में सुगमता होती है, जबकि किसी अन्य भाषा में उसे कठिनाई का सामनाकरना पड़ता है। मातृभाषा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है वह व्यक्ति को उसकी संस्कृति से जोड़नेमें सक्षम होती है। मातृभाषा द्वारा व्यक्ति को अपनी मूल संस्कृति एवं संस्कारों का ज्ञान होता है। मातृभाषा द्वारा व्यक्ति अपने समाज से भी जुड़ा रहता है। उदाहरण के लिए यदि किसी की मातृभाषा भोजपुरी है, तो वह व्यक्ति उन लोगों से मिलकर अपनत्व का अनुभव करेगा, जो भोजपुरी बोलते हैं। लोग अपने दैनिक जीवन में अपनी मातृभाषा ही बोलते हैं। मातृभाषा के लिए कहा गया है कि कोस-कोस पर पानी बदले, तीन कोस पर वाणी अर्थात पीने वाला पानी का स्वाद एक कोस की दूरी पर बदल जाता है। साथ ही मातृभाषा तीन कोस की दूरी पर बदलती है। लोग बचपन में स्थानीय भाषा में कहानियां-कथाएं सुनते हैं, जोउन्हें जीवन में सदैव याद रहती हैं। स्थानीय बोलचाल व्यक्ति को स्थान विशेष से जोड़कर रखती है।

## फटाफट खबरें

### मानिकपुर स्टेशन होगा आकर्षण का केन्द्र



**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर रेलवे स्टेशन के बाहर निमार्णाधीन पार्क में हरी घास लगाई जा रही है। स्टेशन का सुन्दरीकरण बहुत तेजी से हो रहा है। रेलवे स्टेशन को सेल्फी प्वाइंट बनाया जा रहा है।

बुधवार को मानिकपुर जंक्शन स्टेशन का सुन्दरीकरण किया जा रहा है। सुन्दरीकरण को स्टेशन के बाहर निमार्णाधीन पार्क में हरी घास लगाई जा रही है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन को सेल्फी प्वाइंट बनाने को रेल प्रशासन करोडों रुपये खर्च कर रहा है। रेलवे स्टेशन का कायाकल्प महानगरों की तर्ज पर किया जा रहा है। मानिकपुर रेलवे स्टेशन को सजाने-संवारने में करोडो रुपये खर्च किये जा रहे हैं।

मानिकपुर रेलवे स्टेशन के पार्किंग व पार्कों के साथ स्वागत बोर्ड लगाये जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन में गन्दगी का नामोनिशान नहीं रहेगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत रेलवे स्टेशन की सजावट की जा रही है। रेलवे स्टेशन सजने-संवरने के बाद पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र होगा।

### यातायात पुलिस ने वाहनों की जांचकर किये ई-पेंडिंग चालान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। पुलिस** अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर यातायात सीओ राजकमल की देखरेख में यातायात निरीक्षक मनोज कुमार व टीएसआई योगेश कुमार यादव की अगुवाई में पुलिस ने शहर में दो व चारपहिया वाहनों की जांच की। जांच में बिना ड्राइविंग लाइसेंस, तीन सवारी, बिना हेलमेट/सीटबेल्ट व ओवर स्पीड वाहनों का ई-पेंडिंग चालान किया।

बुधवार को यातायात निरीक्षक मनोज कुमार व टीएसआई योगेश कुमार यादव की अगुवाई में शहर में वाहनों की जांच की गई। टीएसआई ने वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेडफोन या मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की चेतावनी दी। चेकिंग दौरान मालवाहक वाहनों की भी जांच की गई। ट्रैक्टर चालकों को कृषि कार्य के लिए उपयोग करने को बताया। वाहन चालकों को तीन सवारी, ओवर स्पीड, बिना हेलमेट वाहन न चलाने को कहा। वाहन चालकों से धीमी गति से वाहन चलाने और हेलमेट तथा सीटबेल्ट लगाने और वैध ड्राइविंग लाइसेंस से ही वाहन चलाने को कहा।

पुलिस ने बीती रात शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की ब्रेथ एनलाइजर से जांच की। वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने की चेतावनी दी। ट्रक चालकों को ओवर स्पीड वाहन न चलाने की कडी हिदायत दी। इस दौरान ई-पेंडिंग चालान किये गये।

### गैर इरादतन हत्या में दोषसिद्ध होने पर आरोपी को एक लाख रुपये अर्थदंड, दो वर्ष की परिवीक्षा पर रहेगा आरोपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गैर इरादतन हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर जिला जज विष्णु कुमार ने आरोपी को एक लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। साथ ही इस अर्थदंड की धनराशि में से 90 हजार रुपये मृतक की पत्नी को देने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा आरोपी को दो साल की परिवीक्षा पर छोड़ने का आदेश दिया गया है।

बुधवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि पहाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिकरिया गांव की निवासी राजू यादव पत्नी गोरेलाल यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पति गोरेलाल पुत्र नत्थू यादव 12 जनवरी 2015 को गांव के बाहर तालाब किनारे बकरियों के लिए बबूल की पत्ती लेने गए थे। इस दौरान तौरा गांव के निवासी बबुली उर्फ रामसुमेर पटेल पुत्र गयादीन ने उसके पति की कुल्हाड़ी खींचकर पिटाई शुरू कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता द्वारा चीखपुकार किए जाने पर गांव के लोग आ गए जिससे हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इस घटना के लगभग एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान गोरेलाल की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में बबुली उर्फ रामसुमेर के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने निर्णय सुनाया, जिसमें धारा 304, 504 व 506 के तहत दोषी पाए जाने पर आरोपी बबुली उर्फ रामसुमेर पटेल को एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया जिसमें 90 हजार रुपये मृतक गोरेलाल की विधवा पत्नी राजू को दिए जाएंगे। साथ ही आरोपी को दो वर्ष की परिवीक्षा का भी लाभ दिया गया।

# पुलिस के लिए भारी सिरदर्द बनेगा फराज खान

## -फराज के फन को पुलिस ने न कुचला तो बनेगा माफिया डान

## - नियाज व फराज का पुलिस ने कराया आमना-सामना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जेल में बन्द माफिया डान मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की बेगम निखत बानो अंसारी के बिना इंट्री के जेल मिलनकांड मामले में फंसे सपा नेता फराज खान का पुलिस ने ढंग से फन न कुचला तो भविष्य में ये पुलिस के लिए बहुत बडा सिरदर्द बनेगा। फराज खान ने जेल मिलनकांड मामले में अंसारी बंधुओं से पचासों लाख रुपये अवैध ढंग से लिए हैं। इसमें से कुछ धनराशि फराज के खास मोहसिन ने कुछ पत्रकारों को भी बांटे हैं, ताकि पत्रकार फराज खान का नाम पेपर में न उछालें।

ये खुलासा बुधवार को हुआ है। बताया गया कि फराज खान पर पुलिस ने उस ढंग से कठोर कार्यवाही नहीं की है। इससे फराज खान के जेल से जल्द छूटने के आसार हैं। फराज खान पर पुलिस को तगडा शिकंजा कसना चाहिए, ताकि वह जल्दी जेल से छूट न सके। फराज खान ने जेल मिलनकांड मामले में जेल अधिकारियों से सेटिंग कराने के नाम पर अंसारी बंधुओं से पचासों लाख रुपये खाये हैं। फराज खान के तार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर माफियाओं से जुडे हैं। पुलिस ने सही ढंग से इस पर कार्यवाही नहीं की तो, भविष्य में ये पुलिस के लिए खासा सिरदर्द बनेगा। फराज खान भविष्य में जिले में अपराधों की बाढ लाकर डान बनने का ख्वाब सजोये है। समय रहते इस पर कठोर कार्यवाही न हुई तो ये पुलिस व आम जनता के लिए खासा सिरदर्द बनेगा।

फराज के बेहद खास मोहसिन ने कुछ पत्रकारों को अंसारी बंधुओं से खाई धनराशि का कुछ हिस्सा बांटा है, ताकि पत्रकार इस मामले में उसका नाम न उछालें। मोहसिन पर भी पुलिस को शिकंजा कसना चाहिए, ताकि भविष्य में अन्य कोई अपराधी किस्म के लोगों का सहयोग करने का साहस न जुटा सके।

इधर, निखत बानो अंसारी के चालक नियाज ने पुलिस





रिमांड में पुलिस को बताया कि उसने ही निखत को फराज से मिलवाया था। फराज ने ही निखत को मकान दिलवाया था। पहले उसने निखत को कुछ दिनों के लिए भैरोंपागा में मकान दिलवाया था। मकान मालिक को जैसे ही पता चला तो उसने तत्काल मकान खाली करवा लिया, जबकि निखत ने इस मकान मालिक से कहा था कि बोलो उसके मकान की क्या कीमत है। इसके बाद भी मकान मालिक ने उससे मकान खाली करवा लिया। जेल में अफसरों को महंगे गिफ्ट सोने की चैन व अन्य जेवर तथा लग्जरी गाडियां भी दिलाने के नाम पर फराज खान ने अंसारी बंधुओं से तगडी रकम खाई है। चालक नियाज की रिमांड 22 फरवरी को पूरी हो गई है। उसे आज बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक नियाज से दो दिन के भीतर तकरीबन पचास सवाल पूंछे गये। सवालों के जवाब में नियाज ने कई अहम खुलासे किये हैं। नियाज ने कबूल किया कि प्रयागराज व कानपुर से जेवर व नकदी लाकर जेल अधिकारियों व सहयोगियों को फराज के माध्यम से देता था। बांदा जेल में बन्द माफिया डान मुख्तार अंसारी को भी सुविधायें मुहैया कराने का प्रयास किया था, लेकिन उसका प्रयास सफल नहीं हो सका। पुलिस ने नियाज व फराज का आमना-सामना कराया है। नियाज ने कई और यहां के मददगारों के नाम बताये हैं। एसपी वृन्दा शुक्ला ने बताया कि अभी तक निखत और नियाज पर पुलिस का फोकस था, अब इनकी रिमांड पूरी हो गई है। अब जेल अधिकारी व कर्मचारियों का नम्बर है। एक-एक कर सभी को बुलाया जायेगा।

## बजट को किसी ने सराहा तो किसी ने बताया जनविरोधी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना के विधानसभा में पेश बजट पर लोगों ने मिलीजुली प्रतिक्रिया दी है। किसी ने बजट को जनकल्याणकारी बताया तो किसी ने बजट को जनविरोधी करार दिया है।

बुधवार को विधानसभा में पेश बजट पर माकपा जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्रा एड ने कहा कि केन्द्रीय बजट की तारीफ में मीडिया का बडा हिस्सा रातदिन पुल बांध रहा है। अंधभक्तों की भीड जगह-जगह जहर फैला रही है। मुस्लिम पुरवा में किसानों के बीच मोदी सरकार के बजट की हकीकत बताते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए पिछले साल और इस साल के बजट के कुछ आंकडे बता रहे हैं कि बजट पूंजीपतियों के हित को ध्यान में रखकर, मजदूर, किसान, नौजवान विरोधी बनाया गया है। माकपा ने निर्णय लिया है कि 28 फरवरी को जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जायेगा। आज तहसील कर्वी के मुस्लिम पुरवा से विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया है। विरोध प्रदर्शन में का लल्लूराम त्रिपाठी, का मोहम्मद अली आदि मौजूद रहे। मुस्लिम पुरवा के ही किसान अफरोज अली, हमीद अली, अमीर अली, साजिद अली, वाजिद अली, रमजान अली, लाल मोहम्मद, हलीम अली, मुसाफिर अली ने भी बजट का विरोध जताया है।

सपा विधायक अनिल प्रधान ने भी फोन पर बजट को किसान, मजदूर, नौजवान विरोधी बताया है। कहा है कि बजट में बेरोजगारों के रोजगार को कोई प्राविधान नहीं किया। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने भी बजट को जनविरोधी करार दिया है।

बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने योगी सरकार के बजट की मुक्तकंठ से सराहना की है। यूपी के बजट में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी के लिए दस हजार करोड से अधिक के निवेश की सम्भावना जताई है। कहा कि बजट में सरकार ने बुन्देलखण्ड की विशेष योजनाओं के लिए छह सौ करोड की व्यवस्था की है। निषादराज बोट अनुदान योजना के लिए पांच करोड, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में दस करोड, छुट्टा गौवंश के रख-रखाव को 750 करोड, पशु रोग नियंत्रण को 116 करोड 52 लाख की व्यवस्था स्वागत योग्य है। बजट में डिफेंस कारीडोर के लिए 550 करोड और बुन्देलखण्ड सौर ऊर्जा परियोजना से केन्द्र सरकार व जर्मनी की संस्था केएफडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी कारीडोर 1554 करोड की व्यवस्था की गई है। सरकार ने बजट में हर योजना, गांव, गरीब, किसान का ध्यान रखा है। बजट विकास परक और दूरदर्शी है। उन्होंने सरकार के बजट की सराहना की है।

## केन्द्रीय विद्यालय के लिए जल्द चिन्हित करें भूमिः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में केन्द्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक केंद्रीय विद्यालय परिसर में हुई। पूर्व बैठक की समीक्षा सत्र 2023-24 में नए प्रवेश, बोर्ड परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था/पुलिस की तैनाती, विद्यालय में रिक्त पदों पर आगामी सत्र में शिक्षण कार्य को अनुबंधित अध्यापकों का पैनल तैयार करना, विद्यालय के स्थाई भवन निर्माण को भूमि का हस्तांतरण, विद्यालय भवन में छतो के टपकने, बहुउद्देसीय हाल की छत के टूटने तथा दरवाजे खिड़कियों के टूटने पर मरम्मत कार्य, विद्यालय कक्षा कक्ष के आंतरिक व्हाइटवॉश एवं रंग रोगन के कार्य की जानकारी ली। बुधवार को जिलाधिकारी ने बहुउद्देसीय सभागार की एस्बेस्टेस शीट की मरम्मत, कंप्यूटर लैब के लिए फर्नीचर क्रय करने की अनुमति, गेट के पास दोनों तरफ




फुटपाथ पर इंटरलॉकिंग ब्रिक्स से पक्का फुटपाथ बनाने का कार्य आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने नये प्रवेश के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो सीटे छूट जाती हैं उसका पेपर के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराकर कराएं। बोर्ड परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में उन्होंने कहा कि परीक्षा पारदर्शिता और शुचिता पूर्ण होनी चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि विद्यालय भवन में छतो के टपकने बहुउद्देसीय हाल की छत के टूटने तथा दरवाजे खिड़कियों के टूटने पर मरम्मत कार्य व विद्यालय के कक्षों के व्हाइटवॉश रंग रोगन एवं बहुउद्देसीय सभागार के एसबेस्ट्रेस सीट की मरम्मत आदि अलंकार योजना के तहत आई धनराशि से कराएं। मानविकी वर्ग के लिए दो अतिरिक्त कक्षा कक्ष बनाए गए। जिसमें जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति के बारे में व फर्नीचर के बारे में जानकारी ली। टॉयलेट, हैंडपंप, सोलर पैनल के लिए जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी इसका सर्वे कराकर सुनिश्चित कराएं। न्यू केंद्रीय विद्यालय के लिए जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को निर्देश दिया कि इसके लिए जमीन चिन्हित करें। जिससे निर्माण हो सके।

इस मौके पर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार ने आभार जताया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी भूपेश द्विवेदी, राजकीय बालिका विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पुष्पा वर्मा, नायब तहसीलदार आरएन मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप, चित्रकूट इंटर कॉलेज के प्राचार्य रणवीर सिंह चैहान आदि मौजूद रहे।

## बाईपास निर्माण की नहीं है सरकार के पास कोई योजनाः विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के कर्वी विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा के पहले सत्र में जिले के खोह से देवांगना बाईपास तथा खोह से भरतकूप लिंकरोड के निर्माण का मुद्दा सदन में उठाया। सदन ने विधायक को बताया कि बाईपास निर्माण की कोई योजना लोनिवि में नहीं है। बुधवार को विधायक अनिल प्रधान के विधानसभा के प्रथम सत्र में खोह से देवांगना बाई पास तथा खोह से भरतकूप लिंकरोड के निर्माण को सदन को बताया था। कहा कि जनहित में इन मार्गों का निर्माण अतिआवश्यक था। इन मार्गों के निर्माण से आये दिन होने वाले हादसों और जाम की समस्या से निजात मिल सकती है। सरकार की दमनकारी नीतियों और प्रशासनिक उदासीनता से जिले के अधिकारियों ने इन मार्गों की कोई आवश्यकता न होने की सूचना सदन को भेजी है, जबकि विधायक ने इन मार्गों के निर्माण को जनहित के लिए जरूरी बताया है। विधायक ने बताया कि लोनिवि के राज्यमंत्री बृजेश सिंह की ओर से उत्तर मिला है कि इन मार्गों के निर्माण की कोई योजना लोनिवि में नहीं है।

## जांच अधिकारियों ने शौचालय निर्माण की दे दी झूंठी आख्या, शौचालय के स्थान पर नहीं है अनुसूचित जाति की बस्ती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के बगरेही गांव के समाजसेवी गिरजेश कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि लालापुर सामुदायिक शौचालय निर्माण में अनुसूचित जाति बस्ती दिखाकर मानक विहीन कार्य कराया है, जबकि वहां कोई अनुसूचित जाति बस्ती है ही नहीं।

बुधवार को मानिकपुर ब्लाक के बगरेही गांव के समाजसेवी गिरजेश कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि बगरेही गांव के लालापुर के लोगों को पीने को शुद्ध पानी नहीं मिलता। सामुदायिक शौचालय बनाकर पीने के पानी को प्रदूषित किया जा रहा है। शौचालय निर्माण में गुणवत्ताविहीन कार्य की बाबत सीएम पोर्टल में तमाम शिकायतें की गई हैं। शौचालय निर्माण में कुल भुगतान 333.659 रुपये दिखाया गया है। दो लाख दो हजार रुपये धनराशि आहरित की है। नामित जांच अधिकारी ने कहा कि गुणवत्तायुक्त सामग्री से मानकों के अनुसार कार्य हुआ है। तकनीकी अधिकारी ने भी सत्यापन बाद भुगतान की कार्यवाही की है। अनुसूचित बस्ती के पास सरकारी भूमि न होने पर निर्माण कार्य कराया गया है। सामुदायिक शौचालय से पेयजल दूषित होने की बात गलत है। शिकायतकर्ता व पूर्व प्रधान की आपसी रंजिश के चलते शिकायतें की जा रही हैं, जबकि शिकायतकर्ता की पूर्व प्रधान से कोई आपसी रंजिश नहीं है।

मानक विपरीत कार्य का 333.659 रुपये का भुगतान बिना स्थलीय निरीक्षण के किया है। कार्यालय से ही कपोलकल्पित झूंठी जांच आख्या दी गई है। शिकायतकर्ता को मौके पर नहीं बुलाया। समाजसेवी ने बगरेही गांव के मजरा लालापुर में गुणवत्ताविहीन सामुदायिक शौचालय निर्माण में गम्भीर वित्तीय अनियमितताओं की जांच टीम गठित कर कराने की मांग की है।

## छापेमारी कर दूध कारोबारियों के लिए नमूने

**अखंड भारत संदेश**



**मानिकपुर/चित्रकूट।** होली पर्व के मद्देनजर मिलावटी खाद्य सामग्री की रोकथाम को कस्बे में नायब तहसीलदार विवेक कुमार की अगुवाई में छापेमारी अभियान चला। दूध वालों को रोककर नमूने लिए गये।

बुधवार को मानिकपुर नायब तहसलीदार विवेक कुमार की अगुवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी झनकार सिंह व मानिकपुर पुलिस बल ने मिलावटी खाद्य सामग्री के विरुद्ध अभियान चलाया। अभियान के तहत कस्बे में तीन दूध व्यापारियों की नमूने लिए। छापेमारी की सूचना पर कस्बे के बाकी दुकानदारों ने अपनी दुकानें बन्दकर गायब हो गये।

मानिकपुर एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि लोग त्योहार में घरों में विभिन्न पकवान बनाते हैं। ऐसे में मिलावटी खाद्य सामग्री का बाजार बढ जाता है। मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री की रोकथाम को अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोग मिलावटी खाद्य सामग्री खाकर बीमार न हों। उच्चाधिकारियों के आदेश पर खाद्य सुरक्षा टीम के साथ विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बड़ी राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विरोध करने वाली ताकतें, जो देश प्रदेश का विकास होते नहीं देखना चाहती, राज्य को इसकी जांच करनी चाहिए। हालांकि कोर्ट ने इस सम्बंध में कोई निर्देश जारी करने से परहेज किया और यह काम राज्य पर छोड़ दिया है।कोर्ट ने यह टिप्पणी अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल की इस आशय की आशंका उठाए जाने पर की। जिसमें उन्होंने कहा था कि याची जिसका 14 केसों का आपराधिक इतिहास है, वह 2007 से गोरखपुर जिला अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक केस लड़ रहा है।

# विदेश संदेश

## अब शांति रक्षा अभियान स्थायी न हों: भारत

**संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने विशेष समिति में रखा पक्ष**

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि शांति रक्षा अभियान कहीं भी स्थायी न हों। आज शांति रक्षकों का सुरक्षा परिदृश्य अधिक जटिल, हिंसक और जोखिम हो गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की शांति रक्षा अभियानों की विशेष समिति के सामने भारत का पक्ष रखा। कंबोज ने कहा कि भारत का मानना है कि संयुक्त राष्ट्र का यह अभियान किसी भी जगह अनंतकाल के लिए नहीं होने चाहिए। शांति रक्षा अभियान शुरू करने के साथ ही बाहर निकलने की रणनीति तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए अनावश्यक अभियान जारी रखने पर अन्य महत्वपूर्ण अभियान से आवश्यक संसाधनों को उनमें लगाना पड़ता है। यह सही समय है, जब इस तरह के अभियान को जारी रखने की आवश्यकता की समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सात दशक से शांति रक्षा अभियान में अग्रणी है। दुनिया के 49 अभियानों में 2,60,000 भारतीयों ने शांति रक्षकों के रूप में सेवा दी है। इस समय जारी 14 में से नौ अभियानों में भारत के 6000 से अधिक शांति रक्षक हैं। कंबोज ने कहा कि आतंकवादी और सशस्त्र समूह आम नागरिकों के साथ शांति रक्षकों को निशाना बनाते हैं।

## रूस-यूक्रेन युद्ध में चीन के कदम ने बढ़ाई पश्चिमी देशों की टेंशन, अमेरिका ने बताया बड़ा खतरा

**वाशिंगटन।** रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका समेत कई पश्चिमी देश भले ही पुतिन की सेना को ललकारते दिख रहे हों लेकिन चीन ने जो कदम उठाया है उसने इन सभी देशों की चिंता बढ़ा दी है। दरअसल, 24 फरवरी को रूस -यूक्रेन युद्ध के एक साल पूरे हो जाएंगे। एक साल पूरा होने से पहले ही अमेरिका ने इस युद्ध में चीन को बड़ा खतरा बता दिया है। अमेरिका ने कहा है कि चीन रूस को हथियारों की मदद पहुंचाने वाला है, जिससे पुतिन की सेना यूक्रेन पर और ज्यादा आक्रामक हो जाएगी। प्रसारित एक साक्षात्कार में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने कहा कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने जानकारी दी है कि चीन रूस को हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है जो कि आने वाले समय में मुश्किलें खड़ा कर सकता है। एंटनी ब्लिंकन ने आगे कहा कि चीन रूस की कार्रवाई की ना तो आलोचना करता है ना ही वो रूस पर यूक्रेन के हमले को गलत मानता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि चीन की तरफ से कोई भी हथियार आपूर्ति सिर्फ पश्चिमी देशों के लिए ही नहीं दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। इस बीच विश्लेषकों ने भी ध्यान दिलाया है कि अमेरिका और चीन के रिश्तों में लगातार बढ़ते तनाव के बीच रूस और चीन के संबंध मजबूत होते गए हैं। इसे लेकर अमेरिकी अधिकारियों के कान खड़े हुए हैं। जर्मनी में हुए म्युनिख सिक्युरिटी कांफ्रेंस के दौरान जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन वांग यी से मिले, तो उन्होंने चेतावनी दी कि चीन रूस को हथियार ना दे। हालांकि रूस को हथियार देने की बात का चीन लगातार खंडन करता रहा है, लेकिन हाल में इस बारे में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का शक गहरा गया है।

## कोहिनूर भारत को वापस दो!: भारतीय मूल की पत्रकार ने ब्रितानियों को बताया इतिहास

**लंदन।** ब्रिटेन में एक बार फिर से कोहिनूर हीरे को भारत को वापस लौटाने की मांग उठ गई है। दरअसल ऐसी खबरें आ रही हैं कि ब्रिटेन के राजा चार्ल्स के राज्याभिषेक में महारानी कैमिला दिवंगत महारानी विक्टोरिया के कोहिनूर हीरे लगे ताज को नहीं पहनेंगी। इस खबर के सामने आते ही कोहिनूर हीरे को फिर से वापस लौटाने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। ब्रिटेन के एक मशहूर टीवी शो पर लेखिका और प्रसारकर्ता एम्मा वेब और भारतीय मूल की पत्रकार नरिंदर कौर में कोहिनूर के मुद्दे पर तीखी बहस हो गई।

दरअसल एम्मा वेब ने दावा किया कि कोहिनूर हीरे के स्वामित्व पर विवाद है। जिस पर नरिंदर कौर ने कहा कि आप इतिहास के बारे में नहीं जानती हैं। एम्मा वेब ने कहा कि 'सिख साम्राज्य का लाहौर पर भी शासन था तो क्या पाकिस्तान भी इस पर दावा करेगा? एम्मा ने कहा कि सिख साम्राज्य ने कोहिनूर हीरे को ईरानी साम्राज्य से चुराया था और ईरानी साम्राज्य ने मुगल शासकों पर आक्रमण करके इसे छीना था तो इस वजह से कोहिनूर हीरे के स्वामित्व पर विवाद है।इस पर भारतीय मूल की नरिंदर कौर ने कहा कि 'कोहिनूर हीरा औपनिवेश काल और खून खराबे को प्रतिनिधित्व करता है। इसे भारत को वापस दे देना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि एक भारतीय बच्चे को कोहिनूर हीरे को देखने के लिए इतनी लंबी यात्रा करके ब्रिटेन आना चाहिए।' नरिंदर कौर ने बाद में एक ट्वीट भी किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि 'कोहिनूर हीरा भारत की जमीन से निकला था। यह ब्रिटेन के काले अध्याय और औपनिवेश इतिहास को दर्शाता है। औपनिवेश काल का फायदा उठाना बंद होना चाहिए।

# बाइडेन ने पुतिन से कहा- यूक्रेन कभी नहीं जीत पाओगे

## रूस की फौज बेरहम और वहशी; महिलाओं से रेप को हथियार की तरह इस्तेमाल किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन जंग पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बयानों का सख्त लहजे में जवाब दिया। पौलेंड में देर रात बाइडेन ने कहा कि अमेरिका और नाटो यूक्रेन के साथ थे और रहेंगे। रूसी फौज ने जुल्म किया है। महिलाओं से रेप को हथियार की तरह इस्तेमाल किया। पुतिन याद रखें कि वो यूक्रेन को कभी नहीं जीत पाएंगे।' बाइडेन यूक्रेन के अचानक दौरे के बाद पौलेंड पहुंचे। यहां एक सभा को संबोधित किया।

इससे पहले ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था, 'रूस ने शुरुआत में जंग को टालने के लिए तमाम डिप्लोमैटिक कोशिशें कीं, लेकिन नाटो और अमेरिका ने इन्हें कामयाब नहीं होने दिया। हम अब भी बातचीत चाहते हैं, लेकिन इसके लिए शर्तें मंजूर नहीं हैं।' बता दें कि रूस-यूक्रेन जंग को 24 फरवरी को एक साल पूरा हो रहा है।

रूसी राष्ट्रपतति पुतिन का दावा गलतः पुतिन कहते हैं कि हम रूस को कंट्रोल करना चाहते हैं। मैं आज रूस के लोगों को यही बताना चाहता हूं कि अमेरिका या यूरोप के लोग रूस को तबाह नहीं करना चाहते। रूस ने यूक्रेन के बच्चों का भविष्य छीन लिया। ट्रेन, स्कूल, हॉस्पिटल और अनाथालय पर बम बरसाए गए। इन चीजों को कैसे नजरअंदाज किया जाए। यूक्रेन के लोग भी खास हैं और मैं दावे से कह सकता हूं कि रूस कभी यूक्रेन को नहीं जीत सकता। यूक्रेन का साथ कभी नहीं छोड़ेंगे : इस बात में कोई शक नहीं होना चाहिए कि अमेरिका हर हाल और हर वक्त यूक्रेन के साथ खड़ा है। पुतिन को यह याद रखना होगा कि नाटो में बंटवारा मुमकिन नहीं है। हम बिना रुके और बिना थके यूक्रेन की मदद करते रहेंगे। पुतिन जमीन



पर कब्जे के लिए यह सब कर रहे हैं।

तानाशाही के लिए एक शब्द- नहीं और नहीं- यूक्रेन के लोग अपने वतन से मोहब्बत के चलते जान देने को तैयार हैं। तानाशाहों और तानाशाही के लिए सिर्फ एक शब्द है- नहीं, नहीं और नहीं। कोई आपके मुल्क पर कब्जा नहीं कर सकता। आपकी आजादी नहीं छीन सकता और न आपके सपने और भविष्य छीन सकता। यूक्रेन पर हमला सिर्फ यूक्रेन का ही इम्तिहान नहीं है, ये पूरी दुनिया की परीक्षा है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने मंगलवार दोपहर संसद को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर बात की थी। पुतिन ने कहा- सच्चाई ये है कि इस जंग की शुरुआत वेस्टर्न पावर्स की वजह से हुई। हमने उस वक्त भी हर मुमकिन कोशिश की। वो लोग कीव और यूक्रेन के कंधों पर रखकर बंदूक चला रहे हैं, उन्हें मूर्ख बना रहे हैं। हम अपने वतन की हिफाजत करना बखूबी जानते हैं।

अमेरिका और उसके साथी महज अपना दबदबा बढ़ाने की साजिश की खातिर दूसरों को मोहरा बना रहे हैं। वेस्टर्न पावर ने ही जंग के जिन्न को बोतल से बाहर निकाला है, और वो ही इसे वापस बोतल में डाल सकते हैं। हम तो सिर्फ अपने देश और लोगों की हिफाजत करना चाहते हैं और यही कर भी रहे हैं।

## ब्रिटेन में महंगाई से भुखमरी जैसे हालातःखाने का खर्च नहीं उठा पा रहे टीचर्स और स्वास्थ्यकर्मी, फूड बैंक से मदद मांग रहे

**लंदन।** ब्रिटेन में महंगाई के कारण हालात ऐसे हो गए हैं कि अब आम लोगों के साथ ही टीचर्स, स्वास्थ्यकर्मी और पेंशनधारियों को भी फूड बैंक पर निर्भर होना पड़ रहा है। दिसंबर 2022 और जनवरी 2023 में लोगों ने सबसे ज्यादा फूड बैंक से मदद मांगी। ब्रिटेन में करीब 154 संस्थाएं फूड बैंक चलाती हैं, जो लोगों को मुफ्त भोजन बांटते हैं।

इंडिपेंडेंट फूड एड नेटवर्क ने 90 फीसदी फूड बैंकों के आंकड़ों के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की है। फूड बैंक संचालित करने वाली 85 संस्थाओं ने बताया कि जब भोजन की मांग करने वाले लोगों की संख्या बढ़ी तो उन्होंने कई बार भोजन में कटौती की और भोजन मांगने आए बहुत से लोगों को वापस भी लौटा दिया।

**सवा 3 लाख लोग फूड बैंक जा चुके हैं**



ब्रिटेन में सबसे ज्यादा फूड बैंक द ट्रसेल ट्रस्ट नाम की संस्था चला रही है। उसके 1300 से अधिक फूड बैंक हैं। ट्रस्ट के मुताबिक उसने पिछले साल अप्रैल से सितंबर के बीच 13 लाख आपातकालीन फूड पैकेट बांटे। आंकड़ों के मुताबिक, अभी तक 3 लाख 20 हजार से ज्यादा लोग खाने के लिए फूड बैंक जा चुके हैं। 2021 की तुलना में यह संख्या एक तिहाई ज्यादा है, जबकि महामारी के पहले से तुलना करें तो यह 50फीसदी ज्यादा है। महंगाई के कारण लोगों के खरीदने की क्षमता भी प्रभावित हुई हैं। ब्रिटेन में हाल के महीनों में इसके चलते लगातार हड़तालों का सिलसिला भी चला।

वहीं जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने की भी संभावना है। लिहाजा, आम लोग भोजन खरीदने में अपने को अक्षम पा रहे हैं। ऐसे लोगों की ही निर्भरता फूड बैंकों पर बढ़ी है।

**नौकरी कर रहे लोग भी ले रहे हैं फूड बैंकों की मदद**

IFAN के अध्ययन से सामने आया है कि ऐसे बहुत से लोग भोजन के लिए फूड बैंकों के पास गए हैं, जो अभी नौकरी में हैं। जो लोग फूड बैंकों के पास जा रहे हैं, उनमें से 80 फीसदी से ज्यादा ऐसे लोग हैं, जिन्होंने पहले कभी इस तरह की मदद नहीं ली थी।

## स्वीडन में उतारना पड़ा अमेरिका से भारत जा रहा एयर इंडिया का विमान

**स्टॉकहोम (स्वीडन)।** अमेरिका से भारत जा रहे एयर इंडिया के विमान को आपातकालीन स्थिति में स्वीडन के स्टॉकहोम हवाई अड्डे पर लैंडिंग कराई गई। तकनीकी खराबी को इसका कारण बताया गया है। जानकारी के मुताबिक एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई106 ने अमेरिका के नेवार्क हवाई अड्डे से भारत की राजधानी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए स्थानीय समयानुसार मंगलवार को 11 बजकर 6 मिनट पर उड़ान भरी थी। इसे बुधवार सुबह 11:35 बजे दिल्ली पहुंचना था। विमान दिल्ली के रास्ते पर था और 7 घंटे 32 मिनट की उड़ान पूरी कर चुका था।

तभी तकनीकी खराबी के कारण इसे स्वीडन के लिए डायवर्ट कर दिया गया। स्वीडन के स्थानीय समयानुसार अर्धरात्रि के बाद 12 बजकर 38 मिनट पर विमान को स्टॉकहोम हवाई अड्डे पर उतारा गया। जिस समय विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गयी, उस समय विमान पर लगभग 300 यात्री सवार थे। विमान के सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। आपातकालीन लैंडिंग के लिए भारी संख्या में दमकल गाड़ियों को तैनात किया गया। उड्डयन विभाग से जानकारी दी गयी कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। बताया गया है कि इंजन से तेल रिसाव के कारण विमान को स्टॉकहोम के लिए डायवर्ट कर आपात लैंडिंग कराई गयी। विमान के चालक दल ने समय रहते तकनीकी खराबी का आकलन कर लिया। अब स्टॉकहोम में विमान की तकनीकी खराबी दूर कर उसे दिल्ली भेजा जाएगा।

## अमेरिका ने इस साल 36फीसदी ज्यादा भारतीयों को वीजा दियाःकहा- भारत हमारे लिए टॉप प्रायोरिटी, अब IT प्रोफेशनल्स का वीजा यूएस में रिन्यू होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी वीजा मिलने के मामले में भारत ऱ की नंबर-1 प्रायोरिटी है। अमेरिकी वीजा अधिकारियों के मुताबिक, कोविड के बाद देशभर में वीजा 36ऌ जल्दी प्रोसेस हो रहा है। इसमें भारत उनकी पहली प्राथमिकता है। अगर कोई भारतीय अमेरिका के वीजा के लिए अपॉइंटमेंट लेने की कोशिश कर रहा है तो उसका वेट वाइम कम से कम रखने की कोशिश की जा रही है। अमेरिकी वीजा सेवाओं के लिए असिस्टेंट सेक्रेटरी जूली स्टफ्ट ने कहा कि हमने महामारी से पहले की तुलना में भारतीयों के लिए 36फीसदी ज्यादा वीजा जारी किए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि इस साल से अमेरिका डोमेस्टिक वीजा का रिवेलिडेशन शुरू करने जा रहा है।

**वीजा रेन्यू के लिए नहीं**




**लौटना पड़ेगा अपने देश**

दरअसल, 2004 तक H-vB वीजा को अमेरिका में ही रिन्यू किया जाता था। लेकिन 2004 के बाद से अमेरिका में काम करने वाले माइग्रेंट वर्कर्स को इसे रिन्यू कराने के लिए अपने देश लौटना पड़ रहा है। लेकिन इस नए पायलट प्रोजेक्ट के तहत ॥1क्ष वीजा अमेरिका में ही रिन्यू किए जाएंगे। यानी किसी भी माइग्रेंट वर्कर को इसे रिन्यू करवाने के लिए अपने देश नहीं जाना पड़ेगा।

**भारतीयों के लिए रिकॉर्ड वीजा प्रोसेस करेगा अमेरिका**

इससे पहले अमेरिकी एम्बेसी ने इस साल भारतीयों के लिए रिकॉर्ड वीजा प्रोसेस करने की घोषणा की थी।

दूतावास फर्स्ट-टाइम बी1 और बी2 टूरिस्ट और बिजनेस ट्रैवल वीजा में बैकलॉग को कम करना चाहता है। इसके तहत पूरे भारत में 2.5 लाख बी1/बी2 वीजा अपॉइंटमेंट बुक हुए हैं। साथ ही फर्स्ट-टाइम बी1/बी2 वीजा के इंटरव्यू के लिए दुनियाभर के दूतावासों और वॉशिंगटन डीसी से खासतौर पर अधिकारियों को बुलाया गया है।

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने माली में शांति रक्षकों पर हमले की निंदा की



**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने माली में संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान के काफिले पर हुए हमले की निंदा की है। इस हमले में सेनेगल के तीन सैनिक शहीद हो गए और पांच घायल हुए हैं। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने यह जानकारी दी है। गुटेरेस ने सेनेगल की सरकार और लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए घायल शांति रक्षकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। महासचिव ने माली से हमलावरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आह्वान किया है।

# नेपाल में राष्ट्रपति पद की दौड़ में कई खास और आम चेहरे

**काठमांडू।** नेपाल में जैसे-जैसे राष्ट्रपति चुनाव नजदीक आ रहा है, प्रभावशाली नेता और निर्दलीय लोग भी सक्रिय उम्मीदवार बन गए हैं। वे आंतरिक बैठकों में सक्रिय हैं।

नेपाली कांग्रेस से वरिष्ठ नेता रामचंद्र पौडेल और पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण प्रसाद सिटौला राष्ट्रपति पद के दावेदार हैं। एक पक्ष पार्टी के हैं। समझा जाता है कि जीत पक्की होने पर ही वे उम्मीदवार बनेंगे।



यूएमएल अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने कांग्रेस उम्मीदवार को रोकने के लिए सीपीएन (एस) के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल को बढ़ावा देने की कोशिश की है। वह सोमवार शाम नेपाल के नेता से पहले ही मुलाकात कर चुके हैं। सीपीएन (एस) के नेता सोम प्रसाद पांडेय ने कहा कि आम सहमति तक पहुंचने के प्रयास के तहत चर्चा आगे बढ़ रही है। डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट पार्टी (एलएसपी) के अध्यक्ष महंत ठाकुर को भी एक आकांक्षी के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री प्रचंड से राष्ट्रपति के तौर पर उनके नाम पर राष्ट्रीय सहमति बनाने को कहा है। एलएसपी नेता राजीव झा ने कहा कि ठाकुर के नाम पर सहमति बनने की प्रबल संभावना है। उन्होंने कहा कि चूंकि ठाकुरजी ने लंबे समय तक कांग्रेस में राजनीति की और उसका त्याग भी किया, इसलिए उनके नाम पर राष्ट्रीय सहमति बन सकती है। राष्ट्रपति पद की दौड़ में पूर्व प्रधानमंत्री बाबूराम भट्टराई भी हैं। हालांकि उनके नाम पर कोई सहमति नहीं बन पाई है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश खिलराज रेग्मी, प्रोफेसर लोकराज बराल, वकील शंभू थापा और अन्य जो राजनीतिक दल से बाहर हैं, वे भी आकांक्षी हैं। रेग्मी ने अतीत में चुनावी सरकार का नेतृत्व भी किया है। राष्ट्रपति चुनाव नौ मार्च को होगा लेकिन नामांकन 25 फरवरी को दर्ज किए जाने हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## भारतवंशी विवेक रामास्वामी ने किया अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवारी का एलान

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी ने साल 2024 में अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने के लिए अपनी उम्मीदवारी का एलान कर दिया है। इसी के साथ अब तक भारतीय मूल के दो लोग अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए नामांकन की रेस में शामिल हो चुके हैं। गौरतलब है कि भारतीय मूल की ही निक्की हेली भी 2024 में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने का एलान कर चुकी हैं। उन्होंने अपना अभियान भी शुरू कर दिया है।

**कौन हैं विवेक रामास्वामी?**

विवेक रामास्वामी एक करोड़पति बिजनेसमैन हैं और अमेरिका के राज्य आइओवा में वह अपनी उम्मीदवारी के प्रचार को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। रामास्वामी का कहना है कि वह विचार आधारित कैंपेन शुरू करने पर फोकस कर रहे हैं।



बता दें कि विवेक रामास्वामी के पिता एक जनरल इलेक्ट्रिक इंजीनियर थे और भारत के केरल से अमेरिका में बस गए थे। रामास्वामी की मां एक मनोचिकित्सक थी। रामास्वामी की जन्म अमेरिका सिनसिनाटी में हुआ। हावर्ड और येले यूनिवर्सिटी से पढ़े विवेक रामास्वामी की संपत्ति 500 मिलियन डॉलर के करीब है। विवेक रामास्वामी एक बायोटेक कंपनी के मालिक हैं।

**निक्की हेली भी कर चुकी हैं चुनाव लड़ने का एलान**

इससे पहले अमेरिका में साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली भी अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में उतरने का एलान कर चुकी हैं। निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी से अपनी दावेदारी पेश करेंगी। उल्लेखनीय है कि रिपब्लिकन पार्टी से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी चुनाव मैदान में उतरने का एलान कर चुके हैं। भारतीय मूल की कमला हैरिस वर्तमान में अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैं। दुनिया के कई देशों में भारतीय मूल के लोगों का दबदबा बढ़ रहा है। ब्रिटेन में भी भारतीय मूल के ऋषि सुनक प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

> भारतीय मूल की कमला हैरिस वर्तमान में अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैं। दुनिया के कई देशों में भारतीय मूल के लोगों का दबदबा बढ़ रहा है।

## डीएमविश्व बैंक प्रमुख डेविड मलपास से मिलीं सीतारमण, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविड मलपास के साथ मुलाकात की। बैठक में वित्त मंत्री ने डेविड मलपास के साथ भारत की जी-20 अध्यक्षता और प्राथमिकताओं, पूंजी पर्याप्तता ढांचे और ऋण कमजोरियों के समाधान पर चर्चा की। सीतारमण ने बुधवार को यहां मलपास के साथ हुई बैठक में कहा कि विश्व बैंक के दृष्टिकोण और मिशन के वास्तविक विकास के लिए मध्यम आय वाले देशों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, जहां दुनिया के 70 फीसदी से अधिक गरीब रहते हैं। वित्त मंत्री ने मलपास को



बताया कि भारत की अध्यक्षता के दौरान जलवायु और वित्त फोकस क्षेत्र है।

वित्त मंत्री ने डेविड मलपास से बातचीत के दौरान सुझाव दिया कि विश्व बैंक को अपने दोहरे लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करना जारी रखना चाहिए। इसके साथ ही सीतारमण ने कहा कि एसडीजी की उपलब्धि के लिए अपने तुलनात्मक लाभ का फायदा भी उठाना चाहिए। गौरतलब है कि डेविड मलपास ने हाल ही में अपने कार्यकाल खत्म होने से एक साल पहले जून में विश्व बैंक प्रमुख पद को छोड़ने की घोषणा की है।